इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव






# भगवान जगन्नाथ की धरती पर आने के लिए ट्रंप का निमंत्रण अस्वीकार किया-पीएम मोदी

## 18,600 करोड़ की 105 परियोजनाओं का तोहफा, रोड शो में उमड़ा जनसैलाब

भुवनेश्वर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज ओडिशा के दौरे पर रहे। अपने दौरे के शुरुआत में उन्होंने राजधानी भुवनेश्वर में रोड शो किया। वहीं पीएम मोदी ने राज्य को करोड़ों की परियोजनाओं की सौगात दी है। इसमें पेयजल, सिंचाई, कृषि अवसंरचना, स्वास्थ्य अवसंरचना, ग्रामीण सड़कें और पुल, राष्ट्रीय राजमार्गों के खंड और एक नई रेलवे लाइन शामिल हैं। राष्ट्रीय रेलवे नेटवर्क के साथ बौध के एकीकरण के ऐतिहासिक क्षण पर पीएम मोदी ने पहली बार जिले में रेल संपर्क बढ़ाने वाली नई ट्रेन सेवाओं को हरी झंडी भी दिखाई।



### यह सुशासन की स्थापना की वर्षगांठ है- मोदी

वहीं जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा, आज 20 जून का दिन बहुत विशेष है। आज ओडिशा में पहली भाजपा सरकार ने सफलतापूर्वक एक वर्ष पूरा किया है। यह वर्षगांठ सिर्फ सरकार की नहीं है; यह सुशासन की स्थापना की वर्षगांठ है। यह एक वर्ष जनसेवा और जनविश्वास को समर्पित है। मैं ओडिशा के लोगों को हृदय से बहुत-बहुत बधाई देता हूं। मैं मुख्यमंत्री मोहन माझी और उनकी पूरी टीम को भी बधाई देता हूं।

### ओडिशा भारत की समृद्ध विरासत का एक चमकता सितारा

इस दौरान पीएम मोदी ने कहा- ओडिशा सिर्फ एक राज्य नहीं है, यह भारत की समृद्ध विरासत का एक चमकता सितारा है। सदियों से ओडिशा ने भारतीय सभ्यता और संस्कृति को समृद्ध किया है। यही कारण है कि आज जब विकास और विरासत का मंत्र भारत की प्रगति का आधार बन रहा है, तो ओडिशा की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो गई है। पिछले एक साल में ओडिशा ने विकास और विरासत दोनों के इस मंत्र को सही मायने में अपनाया है और उसे अपनाया है।

### मोदी ने बताया क्यों ठुकराया ट्रंप का निमंत्रण

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस दौरान अपनी विदेश यात्रा का जिक्र किया। उन्होंने कहा- अभी दो दिन पहले, मैं जी-7 शिखर सम्मेलन के लिए कनाडा में था। मेरी यात्रा के दौरान, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मुझे फोन किया। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## सीवान में रोड-शो: पीएम मोदी बोले-पंजे और लालटेन वालों ने बिहार के स्वाभिमान को ठेस पहुंचाई

पटना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज बिहार के सीवान जिले में सार्वजनिक सभा को संबोधित करने पहुंचे।



इस दौरान उन्होंने अपने एक दशक के कार्यकाल की उपलब्धियों पर चर्चा करते हुए बिहार की दुर्दशा के लिए कांग्रेस और आरजेडी को जिम्मेदार ठहराया। कहा, अपने शासनकाल में इन्होंने बिहार जंगलराज ला दिया। अब फिर से अपने पुराने कारनामे दोहराने के लिए प्रयारत हैं, लेकिन बिहार की जनता इन्हें कभी माफ नहीं करने वाली। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंच पर प्रधानमंत्री मोदी का आत्मीय स्वागत किया। कहा, बिहार के लिए यह शुभ दिन है। पीएम मोदी ने इस दौरान बिहार को करोड़ों की सौगात दी। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा, प्रधानमंत्री आज 6 हजार करोड़ के परियोजनाओं की सौगात देने जा रहे हैं। इसके लिए मैं धन्यवाद देता हूं। प्रधानमंत्री मोदी ने पाटिलपुत्र-गोरखपुर वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। इस दौरान उन्होंने जल, रेल और बिजली से संबंधित कई महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं का भूमिपूजन और उद्घाटन किया।

# इजराइल के कई शहरों पर ईरान के हमले : हाइफा में 23 घायल, 3 गंभीर



तेहरान/तेल अवीव। ईरान ने शुक्रवार शाम इजराइल के तेल अवीव, बीर्शेबा, हाइफा सहित कई शहरों में पर फिर से मिसाइल हमले किए। अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक, हाइफा में मिसाइल गिरने से 23 लोग घायल हुए हैं। इनमें एक 16 साल के नाबालिग सहित तीन की हालत गंभीर है। आज सुबह ईरान ने इजराइल के बीर्शेबा शहर में माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस के पास बैलिस्टिक मिसाइल से हमला किया था। इससे कई कारों में आग लग गई। आस-पास के घरों को भी नुकसान पहुंचा। ईरान ने गुरुवार को बीर्शेबा के एक अस्पताल पर मिसाइल दागी थी, जिसमें 50 से ज्यादा लोग घायल हो गए थे। ईरान और इजराइल के बीच जंग का आज आठवां दिन है। इजराइल से जंग के बीच ईरान ने भारत के लिए अपना एयरस्पेस खोल दिया है।

## विदेश में भारतीय कूटनीति का जलवा, ईरान ने सिर्फ भारत के लिए खोला एयरस्पेस; आज लौटेंगे 1000 छात्र

ईरान और इजरायल के बीच जंग भीषण होते जा रही है। दोनों देश एक दूसरे पर लगातार हमला कर रहे हैं। इस बीच एक बड़ी जानकारी सामने आई है। ईरान ने भारतीय छात्रों की निकासी के लिए अपने बंद एयरस्पेस को विशेष तौर से खोला है। इसको भारत की कूटनीतिक जीत के तौर पर देखा जा सकता है। बता दें कि युद्ध प्रभावित इस देश में फंसे भारतीय छात्रों की आपतकालीन निकासी के लिए उठाया गया बड़ा कदम है। ईरान के इस फैसले से कम से कम 1000 छात्रों के आज भारत पहुंचने की संभावना है। बता दें कि ईरान द्वारा एयरस्पेस खोले जाने के बाद छात्रों के लेकर आ रही पहली फ्लाइट रात के 11 बजे के करीब नई दिल्ली पहुंचेगी। ईरान के के मशहद शहर से ईरानी विमान में ही छात्र दिल्ली आएंगे। इसके अलावा छात्रों के लेकर आने वाली दूसरी और तीसरी फ्लाइट भी शनिवार को आएगी। वहीं, ईरान के वरिष्ठ अधिकारियों ने पुष्टि की है कि जो भारतीय नागरिक ईरान छोड़कर जाना चाहते हैं उनके लिए चार्टर्ड विमानों की व्यवस्था की गई है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## अचानक अमेरिका पहुंचे नेतन्याहू, जेडी वेंस से मिले

ईरान से भीषण संघर्ष के बीच इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू, आईडीएफ चीफ ऑफ स्टाफ इयाल जमीर, रक्षामंत्री इज़रायल कैट्ज़, सामरिक मामलों के मंत्री रॉन डर्मर ने गुरुवार रात अमेरिका के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक हाईलेवल मीटिंग की. इस बैठक में अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और अमेरिकी रक्षामंत्री पीट हेगसेथ भी शामिल हुए. द येरूशलम पोस्ट के मुताबिक ये बैठक उस समय हुई है जब अमेरिका ये विचार कर रहा है कि क्या वह ईरान के खिलाफ इज़रायल के सैन्य अभियानों में शामिल हो. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि वे अगले दो हफ्तों में इस बारे में अंतिम फैसला लेंगे कि अमेरिका ईरान के खिलाफ़ हमलों में शामिल होगा या नहीं. व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलीन लेविट ने पत्रकारों को बताया कि ईरान के साथ निकट भविष्य में संभावित वार्ता की संभावना को देखते हुए राष्ट्रपति ट्रंप (शेष पृष्ठ 6 पर...)



## कांकेर में सुरक्षाकर्मियों के साथ मुठभेड़, एक महिला नक्सली ढेर

कांकेर। कांकेर जिले के आमाटोला-कलपर मुठभेड़ में मारी गई महिला माओवादी की पहचान शांति देवे के रूप में हुई है। जिस पर आठ लाख का इनाम घोषित था। उल्लेखनीय है कि पिछले 18 महीनों के दौरान बस्तर रेंज में माओवादियों और सुरक्षा बलों के बीच हुई विभिन्न मुठभेड़ों में अब तक कुल 412 नक्सली कैडर मारे गए या पकड़े गए हैं, जिनमें माओवादी के महासचिव बसवराजु, गंगन्ना और गौतम सुधाकर भी शामिल हैं। कांकेर जिले के पुलिस अधीक्षक इंदिरा कल्याण एलेसेला ने बताया कि 20 जून 2025 को ग्राम आमाटोला एवं कलपर के मध्य कोटरी नदी पार स्थित जंगल और पहाड़ी क्षेत्र में माओवादियों की मौजूदगी की विश्वसनीय सूचना के आधार पर पुलिस द्वारा एक संयुक्त सर्च ऑपरेशन चलाया गया। यह अभियान जिला रिजर्व गार्ड और सीमा सुरक्षा बल की संयुक्त टीम द्वारा संचालित किया गया। गहन तलाशी के दौरान हथियार, गोलाबारूद और दैनिक उपयोग की सामग्रियां बरामद की गई है। एक 303 रायफल, एक देसी लॉन्चर, 303 रायफल की सात गोलियां, एक वॉकी-टॉकी सेट।



## दिल्ली-पुणे एअर इंडिया की फ्लाइट से पक्षी टकराया; विमान की वापसी की यात्रा रद्द

मुंबई। दिल्ली से पुणे जाने वाली एअर इंडिया की फ्लाइट में शुक्रवार को पक्षी टकरा गया। इस वजह से एयरलाइन को अपनी वापसी की यात्रा रद्द करनी पड़ी। एयरलाइन ने एक बयान में कहा कि विमान सुरक्षित रूप से उतर गया और पक्षी टकराने का पता पुणे में उतरने के बाद चला।



### पुणे में सुरक्षित उतरने के बाद चला पता चला

आगे एयरलाइन ने कहा कि विमान को आगे की यात्रा के लिए रोक दिया गया। इंजीनियरिंग टीम की ओर से विमान की व्यापक जांच की जा रही है। एयरलाइन ने कहा, 20 जून को पुणे से दिल्ली के लिए उड़ान भरने वाली AI-2470 को पक्षी टकराने के कारण रद्द कर दिया गया है, जिसका पता आने वाली फ्लाइट के पुणे में सुरक्षित उतरने के बाद चला।

### यात्रियों के लिए दिल्ली जाने की वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही

एयरलाइन ने यह भी कहा कि वह फंसे हुए यात्रियों के लिए रुकने की व्यवस्था और भोजन उपलब्ध कराने सहित सभी व्यवस्थाएं कर रही है। यात्रियों को टिकट रद्द करने पर पैसों की वापसी या यात्रा को फिर से निर्धारित करने वाले विकल्प की पेशकश की जा रही है। साथ ही यात्रियों के लिए दिल्ली जाने की वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है। इस बीच एअर इंडिया ने आज अपनी कई उड़ान सेवाएं रद्द कर दी हैं। एयरलाइन की ओर से अब तक चार अंतरराष्ट्रीय उड़ानों समेत आठ फ्लाइट्स को रद्द करने की सूचना दी गई है। एयरलाइन ने बताया कि शुक्रवार को रखरखाव और परिचालन संबंधी कारणों से एअर इंडिया ने चार अंतरराष्ट्रीय सेवाओं (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# इजरायल पर प्रेशर बनाए भारत, ईरान ने कहा- आप शांति के पक्षधर

नई दिल्ली। भारत में ईरान के उप-राजदूत मोहम्मद जवाद हुसैनी ने इजरायल के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए भारत से इज़रायल की खुलेआम निंदा करने और उस पर प्रेशर बनाने की अपील की है. उन्होंने कहा कि भारत जैसे बड़े और शांति समर्थक देश, जो वैश्विक दक्षिण की आवाज़ हैं उन्हें इज़रायल की आलोचना कर अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए.



ईरान की इंडिया से गुजारिश

मोहम्मद जवाद हुसैनी ने कहा कि अगर इज़रायल के अक्टूबर में हमास के खिलाफ शुरू किए गए हमलों के दौरान ही वैश्विक स्तर पर निंदा की गई होती, तो वह कभी भी ईरान जैसे संप्रभु देश पर हमला करने की हिम्मत नहीं करता.

हुसैनी ने अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी की निष्पक्षता पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि IAEA ने खुद कहा था कि ईरान की ओर से कोई सैन्य परमाणु गतिविधि नहीं चल रही है. फिर भी उन्होंने इज़रायल का पक्ष लेते हुए ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई को समर्थन दिया. इससे IAEA की साख पर सवाल उठे हैं.

हुसैनी ने स्पष्ट कहा कि ईरान की रक्षा नीति में परमाणु हथियारों का कोई स्थान नहीं है और देश को अपनी सुरक्षा के लिए इनकी आवश्यकता नहीं है. उन्होंने कहा कि परमाणु हथियार हमारी रक्षा नीति का हिस्सा नहीं हैं. हम अपनी सुरक्षा खुद कर सकते हैं, हमें परमाणु हथियारों की जरूरत नहीं है. जो आरोप लगाए जा रहे हैं कि ईरान यूरेनियम को हथियारों के लिए संवर्धित कर रहा है, वे पूरी तरह से झूठे हैं. उन्होंने आगे कहा कि ये आरोप असल में एक और एजेंडे को साधने की कोशिश हैं. साथ ही कहा कि अब तो ये लोग खुलकर शासन परिवर्तन की बात कर रहे हैं, लगता है यही उनका असली मकसद है.

### पाकिस्तान को लेकर जताई उम्मीद

एक पत्रकार के सवाल पर कि पाकिस्तानी सेना प्रमुख की अमेरिका यात्रा के बाद यूएस क्या पाकिस्तान की ज़मीन का इस्तेमाल करेगा? इस पर हुसैनी ने उम्मीद जताई कि पाकिस्तान ऐसे किसी कदम में शामिल नहीं होगा और इज़रायली हमलों के खिलाफ ईरान का साथ देगा. हुसैनी ने कहा कि हमारे पास कुछ ऐसी क्षमताएं हैं जो अब तक सामने नहीं आई हैं. हमने उन्हें भविष्य के लिए बचाकर रखा है. इसलिए बेहतर होगा कि कोई इस क्षेत्र को खतरे में डालने की कोशिश न करे।

## शाह कल रायपुर में फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय की रखेंगे आधारशिला

रायपुर। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 22 जून को दो दिन के दौरे पर छत्तीसगढ़ पहुंचेंगे। इस दौरान वह नवा रायपुर अटल नगर में राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय (एनएफएसयू) और राज्य की फॉरेंसिक लैब की आधारशिला रखेंगे। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने गुरुवार को बताया, शाह बस्तर क्षेत्र में सुरक्षाबलों के एक शिविर का दौरा करेंगे। इस दौरान वे नक्सल विरोधी अभियानों पर एक बैठक की अध्यक्षता करेंगे। शर्मा ने बताया कि राज्य सरकार ने नवा रायपुर में एनएफएसयू के लिए 40 एकड़ जमीन आवंटित की है, जिसे केंद्र की तरफ से लगभग चार सौ करोड़ की लागत से बनाया जाएगा। राज्य फोरेंसिक लैब एनएफएसयू के करीब ही छह से सात एकड़ भूमि पर स्थापित की जाएगी।



बस्तर में सुरक्षाबलों से करेंगे मुलाकात

उन्होंने बताया कि शाह 23 जून को सुरक्षाबलों के एक शिविर (बस्तर क्षेत्र में) का दौरा करेंगे। वह नक्सली विस्फोट की घटना में बलिदान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश राव गिरपुंजे के परिजनों से मुलाकात भी करेंगे। वह 9 जून को सुकमा जिले में नक्सलियों के लगाए प्रेशर बम की चपेट में आकर बलिदान हो गए थे।




## आज अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस: मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जशपुर में करेंगे योगाभ्यास

रायपुर। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई है। जिला मुख्यालयों से लेकर ग्राम पंचायत स्तर तक 21 जून को इस बार ''योग संगम-हरित योग'' थीम पर सामूहिक योगाभ्यास का कार्यक्रम आयोजित होगा। जिला मुख्यालयों में आयोजित सामूहिक योगाभ्यास के कार्यक्रम में राज्यपाल, मुख्यमंत्री, केंद्रीय राज्य मंत्री, उपमुख्यमंत्री द्वय, मंत्रीगण, सांसद एवं विधायकगण मुख्य अतिथि होंगे। छत्तीसगढ़ सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार जिला मुख्यालयों में आयोजित होने वाले सामूहिक योगाभ्यास में मुख्य अतिथि नामांकित किया गया है। राज्यपाल रमेन डेका के मुख्य आतिथ्य में 21 जून को राजधानी रायपुर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर सामूहिक योगाभ्यास का कार्यक्रम आयोजित होगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मुख्य आतिथ्य में जशपुर जिले के रणजीता स्टेडियम में सुबह 7 बजे सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन होगा। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कैबिनेट मंत्री मती लक्ष्मी राजवाड़े करेंगी। उपमुख्यमंत्री अरूण साव जिला मुख्यालय मुंगेली तथा उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा कबीरधाम में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। इसी तरह राजनांदगांव में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, बलरामपुर-रामानुजगंज में मंत्री रामविचार नेताम, बेमेतरा में मंत्री दयालदास बघेल, नारायणपुर में मंत्री केदार कश्यप, कोरबा में मंत्री लखनलाल देवांगन, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल, रायगढ़ में मंत्री ओ.पी.चौधरी, गरियाबंद में मंत्री टंकराम वर्मा, बलौदाबाजार-भाटापारा में सांसद बृजमोहन अग्रवाल, दुर्ग में सांसद विजय बघेल, खैरागढ़- (शेष पृष्ठ 6 पर...)



## 15 हजार रुपये के साथ जूनियर इंजीनियर को एसीबी ने पकड़ा

मुंगेली। जिले स्थित लोरमी में एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। टीम ने अवैध बिजली कनेक्शन के नाम पर रिश्वत लेते कनिष्ठ अभियंता कृष्ण कुमार गुप्ता को गिरफ्तार किया है।



अवैध बिजली कनेक्शन के बदले मांगी थी रिश्वत

जिले के लोरमी के पास ग्राम पाली निवासी नन्द कुमार साहू ने एसीबी इकाई बिलासपुर में शिकायत की थी। उसने अपने घर में बिजली कनेक्शन लगाने के लिए सीएसपीडीसीएल लोरमी में आवेदन दिया था। 11 जून को उसके घर में लोरमी के कनिष्ठ अभियंता कृष्ण कुमार गुप्ता पहुंचे। उन्होंने कहा कि अवैध रूप से बिजली जला रहे हो। उसके बाद बिजली के तार को काट दिए। कार्रवाई से बचने के लिए 50 हजार रुपए की उससे मांग की। बातचीत के दौरान अंत में 15 हजार रुपए रिश्वत में देने की बात तय हुई। मामले की शिकायत एसीबी में हुई। शिकायत का सत्यापन कराए जाने पर वह सही पाई गई, तो ट्रैप की योजना तैयार हुई। शुक्रवार को शिकायतकर्ता (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# आज अंतरराष्ट्रीय योग दिवस: पीएम मोदी विशाखापट्टनम में करेंगे योग, तीन लाख से ज्यादा लोग होंगे शामिल, बनेगा वर्ल्ड रिकॉर्ड

अमरावती। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) के मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आंध्र प्रदेश में विशाखापत्तनम में एक भव्य कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। शहर के आर के बीच से भोगापुरम तक 26 किलोमीटर लंबे गलियारे में कार्यक्रम को आयोजित किया जाएगा। वहां तीन लाख से अधिक लोग एक साथ योग कर सकेंगे। आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि यह कार्यक्रम सुबह साढ़े छह बजे से आठ बजे तक चलेगा। इस कार्यक्रम को इस तरह से आयोजित किया जाएगा कि 'गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड' सहित कई रिकॉर्ड स्थापित हों।



### सूर्य नमस्कार का रिकॉर्ड

आंध्रप्रदेश सरकार का 21 जून को न केवल विशाखापत्तनम में बल्कि पूरे राज्य में एक साथ कई गतिविधियों का आयोजन कर, कई लाख लोगों को योगाभ्यास में शामिल कर रिकॉर्ड बनाने का लक्ष्य है। दुनिया भर के कई देशों द्वारा मनाए जाने वाले 11वें अंतराष्ट्रीय योग दिवस की विषयवस्तु 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' रखी गई है। नायडू ने कहा, '25,000 से अधिक आदिवासी छात्र 108 मिनट तक सूर्य नमस्कार करेंगे। इसका उद्देश्य सबसे बड़े समूह और सबसे अधिक लोगों द्वारा एक साथ सूर्य नमस्कार करने का रिकॉर्ड बनाना है।' सरकार का लक्ष्य राज्य भर में एक लाख केंद्रों में योग सत्र आयोजित करना और विशाखापत्तनम में योग गतिविधियों में भाग लेने के लिए पांच लाख लोगों को आकर्षित करना है। विशाखापत्तनम में आर के बीच से भोगापुरम तक 26 किलोमीटर के क्षेत्र में व्यापक व्यवस्था किए जाने का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस दौरान एक साथ 3.19 लाख लोग योग कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य, देश और दुनिया भर के आठ लाख स्थानों से प्रतिभागियों के शामिल होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि योग दिवस की गतिविधियों में भागीदारी के लिए दो करोड़ के अनुमान से भी अधिक 2.39 करोड़ लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। योग दिवस से पहले दक्षिणी राज्य ने योग के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए एक महीने तक चले 'योगांध्र' अभियान की शुरुआत की, जिसमें भारत से उत्पन्न इस प्राचीन विधा से जुड़ी कई गतिविधियों का आयोजन किया गया। सरकार की एक विज्ञप्ति में बताया (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## पहला कॉलम...

### कलेक्टर ने सपत्निक कलेक्ट्रेट परिसर में किया नीम का पौधरोपण



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे एवं उनकी पत्नी श्रीमती रश्मि भुरे ने आज कलेक्टोरेट परिसर में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान अंतर्गत नीम का पौधरोपण किया। जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने नीम का पौधरोपण किया। अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर प्रेम प्रकाश शर्मा, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती शीतल बंसल, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती सरस्वती बंजारे, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती शिल्पा देवांगन, सहायक संचालक उद्यानिकी राजेश शर्मा एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारियों ने भी पौधरोपण किया। इस अवसर पर सभी ने नीम, आम जामुन, कोलियारी, काजू, शहतूत एवं विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए।

### महापौर मधुसदन यादव ने दी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की बधाई



राजनांदगांव (दावा)। महापौर मधुसूदन यादव ने अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर नागरिकों को बधाई देते हुए स्वस्थ रहने योग करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि आज के इस भाग दौड के युग में शरीर को स्वस्थ्य रखने योग की अत्यंत आवश्यकता है। योग को अपने दिनचर्या में शामिल कर दिन की शुरूवात योगाभ्यास कर करे और स्वस्थ्य रहे। महापौर ने कहा कि कोरोना महामारी से मानव शरीर में बहुत सी शारीरिक तकलीफे आई है। अतः रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने योग करना नितांत आवश्यक है। योग करने से व्यक्ति तन और मन से स्वस्थ्य रहता है। आज 21 जून को प्रातः योग दिवस के अवसर पर आयोजित योग शिविर में एवं अपने-अपने घरों में योग करने की उन्होंने नागरिकों से अपील की है।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कलेक्टर ने नागरिकों से योगाभ्यास कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की



राजनांदगांव (दावा)। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने 21 जून सुबह 6.30 बजे दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में आयोजित जिला स्तरीय योगाभ्यास कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सभी नागरिकों से अपील की है। उन्होंने कहा कि अच्छे स्वास्थ्य के लिए योग को अपनी दैनिक जीवन शैली में अपनाकर हम अपने स्वास्थ्य को अच्छा रख सकते है। योग हमारी भारतीय संस्कृति की अमूल्य देन है। योग के माध्यम से हम अपने जीवन शैली में महत्वपूर्ण परिवर्तन कर सकते है। यह हमारी शारीरिक एवं मानसिक क्षमता में वृद्धि करता है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन नागरिकों को अपने अच्छे स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने की दिशा में आयोजित किया गया है। उन्होंने अधिक से अधिक नागरिकों को जिला स्तरीय योगाभ्यास कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आव्हान किया है। योग दिवस की थीम एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए, योग संगम एवं हरित योग है।

### युगांतर में पॉश एक्ट पर हुई कार्यशाला



राजनांदगांव (दावा)। शिक्षा, खेल, संस्कृति के क्षेत्र में अग्रणी संस्था युगांतर पब्लिक स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाओं को पॉश एक्ट की जानकारी देने हेतु एक कार्यशाला आयोजित हुई। जिसे स्कूल की काउंसलर नीलिमा कोठारी ने संचालित किया। उन्होंने शिक्षक-शिक्षिकाओं संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षक-शिक्षिकाओं पॉश एक्ट की व्यापक जानकारी होनी चाहिए। उन्हें पॉश जैसे संवेदनशील विषय की पहचान होनी चाहिए। जिससे महिलायें वर्किंग प्लेस में निर्बाध रूप से सुरक्षित होकर कार्य कर सके। इस संबंध में कोई समस्या आती है तो उसका उचित समाधान कर सके। इसके बारे में विद्यालय की काउंसलर ने एक समिति बनाने पर जोर दिया। इस प्रभावी आयोजन के लिए विद्यालय के चेयरमैन अजय सिंगी, वाइस चेयरमैन अखराज कोटड़ीया, सेक्रेटरी विनय डड्डा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी, नरेंद्र कोटड़िया, प्राचार्य मधुसूदन नायर, पीआरओ स्पोर्ट्स ऑफिसर दिनेश प्रताप सिंह सहित युगांतर परिवार ने हर्ष प्रकट किया है।

SILVER SCREEN MULTIPLEX
20th June to 26th June 2025



Sitaare Zameen Par - 12:30, 03:30, 06:15, 06:30 and 09:30 pm
HOUSEFULL 5 A - 12:15, 03:00, 06:00 and 09:00 pm
Kuberaa - 09:15 pm
Sangi Re (C.G) - 03:15 pm
Mor Chhaiya Bhuiya 3 (C.G) - 12:00 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200

श्री कृष्णा (एयरकुल) में
शानदार पांचवा सप्ताह रोजाना 4 खेल
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
छत्तीसगढ़ी
मोर छईयां भुईयां - 3
मन कुरैशी, दीपक साहू, एल्सा घोस, दिक्षा जयसवाल



ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

# पर्यावरण संरक्षण के लिए निगम का वृक्षारोपण महाअभियान

**राजनांदगांव (दावा)।** प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी नगर निगम द्वारा वृक्षारोपण महा अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत लगभग 7 हजार पौधे निगम सीमाक्षेत्र में लगाने का लक्ष्य है। लक्ष्य की पूर्ति के लिए आज जल संयंत्र गृह मोहारा में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में महापौर मधुसूदन यादव एवं कृषि उपज मण्डी के पूर्व उपाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने पार्षदों एवं अधिकारियो व कर्मचारियो के साथ विभिन्न प्रजाति के 80 पौधे रोपित किए।

वृक्षारोपण अवसर पर महापौर ने कहा कि नगर निगम द्वारा प्रतिवर्ष वर्षा ऋतु में वृक्षारोपण महा अभियान चलाकर शहर के विभिन्न स्थानों में वृक्षारोपण किया जाता है। पूर्व के 5-6 वर्षो से लगातार वृक्षारोपण किया जा रहा है। जिसके तहत अब तक लगभग 50 हजार विभिन्न प्रजाति के पौधे शहर में विभिन्न स्थानों मे लगाए गए है। जिसमें से अधिकांश पौधे वृक्ष का रूप ले लिए है। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण अभियान बिना जन भागीदारी के संभव नहीं है। अब तक के वृक्षारोपण में नागरिकों एवं समाजिक संस्थाओं का पूरा सहयोग रहा है।



- 'एक पेड़ मॉ के नाम' के तहत महापौर सहित पार्षदों ने जल संयंत्र गृह मोहारा में विभिन्न प्रजाति के 80 पौधे लगाए
- वृक्षारोपण अभियान से जुड़ने महापौर ने की अपील

वर्तमान में मौसम की अनियमितता को देखते हुए और शहर में हरियाली लाने इस वर्ष भी सभी के सहयोग से शहर में 7 हजार पौधे लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि 7 हजार पौधे तभी सुरक्षित रहेंगे। जब हम सब उसकी देखभाल करेंगे। उन्होने संस्कारधानी के नागरिकों एंव समाजिक संस्थाओं से पौधरोपण से जुड़ने एवं उसकी रक्षा करने अपील की है, ताकि संस्कारधानी को हरा भरा बनाया जा सके।

मोहारा जल संयंत्र गृह में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में महापौर श्री यादव, कोमल राजपूत सहित निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, महापौर परिषद के प्रभारी सदस्यों सावन वर्मा व आलोक श्रोती, उप नेता प्रतिपक्ष मुकेश साहू, अपील समिति के सदस्य सेवक राम उईके, पार्षद कमलेश बंधे, श्रीमती श्रुति लोकेश जैन, मनोहर यादव, श्रीमती अपूर्वा समीर श्रीवास्तव, संदीप बघेल, प्रमोद झंझाडे, श्रीमती प्रियंका कुरंजेकर, चंद्रशेखर लश्करे, श्रीमती रीना सिन्हा, रवि सिन्हा, सतीश साहू, डुरेन्द्र साहू, शेखर यादव, चंद्रकृत साहू, पूर्व पार्षद विजय राय के अलावा कार्यपालन अभियंता यूके रामटेके, सहायक अभियंता प्रणय मेश्राम, प्र.सहायक अभियंता श्रीमती गरिमा वर्मा तथा अधिकारियों व कर्मचारियों ने कदम, बादाम, नीम, गुलमोहर, पेल्ट्रापाम, स्मोथोडिया, कचनार, जामुनिया एवं बीजलोनिया प्रजाति के 80 पौधे जल संयंत्र गृह परिसर में लगाकर इसकी रक्षा का संकल्प लिए।

## मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में कोविड का केस मिलने से हड़कंप





**कन्हारपुरी निवासी हैं कोविड महामारी का पीड़ित व्यक्ति**

राजनांदगांव (दावा)। कोरोना महामारी फिर से अपना पैर फैलाने लगा है। अभी तक जिले में कोविड के कोई मरीज पहचान में नहीं आए थे। अब जानने में आ रहा है कि कन्हारपुरी वार्ड नं. 34 निवासी 55 वर्षीय बुजुर्ग इस संक्रामक रोग से पीड़ित हैं। उसे मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल के कोविड वार्ड में शिफ्ट किया गया है। बताया जाता है कि उक्त बुजुर्ग की हालत ठीक नहीं है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवरतन ने बताया कि जिला सर्विलेंस द्वारा घर में विजिट कर परिजन को होम आईसोलेशन में रहने की सलाह दी तथा सुबह दिनांक 21 जून 2025 को वार्ड में कैंप लगाकर जांच एवं उपचार एवं कान्टेक्ट सर्विलेंस किया जावेगा। कोविड के सम्पूर्ण प्रोटोकॉल अनुरूप कार्य जारी रहेगा।

हॉस्पिटल अधीक्षक डॉ. अतुल देवकर ने जहां इसकी पुष्टि की है। वहीं मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल के पीआरओ डॉ. पवन जेठानी व डॉ. चेतन साहू ने बताया कि कन्हारपुरी निवासी उक्त बुजुर्ग हॉस्पिटल में दो-तीन दिन पहले सर्दी-खांसी की शिकायत को लेकर भर्ती हुआ था। उसे आईसीयू में रखा गया था। मरीज की पूरी तरह जांच किए जाने से वह कोविड पॉजीटिव पाया गया। मरीज को कोविड वार्ड में रखकर उसका इलाज किया जा रहा है। हॉस्पिटल प्रबंधन द्वारा कोविड वार्ड में शिफ्ट किए गए मरीज की हालत चिंताजनक बताई जाती है। कन्हारपुरी के उक्त बुजुर्ग के कोविड पाजीटिव पाए जाने से लोगों में दहशत का माहौल देखने में आ रहा है।

### इंदू साहू का चयन किशोर न्याय बोर्ड में



डोंगरगांव (दावा)। महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर के अधिसूचना के तहत इंदू साहू पति पंचूराम साहू डोंगरगांव का किशोर न्याय (बालकों का देखरेख एवं संरक्षण) तथा बाल कल्याण समिति के सदस्य के रूप में जिला मानपुर-मोहला, अंबागढ़ चौकी के लिए नियुक्ति किया गया है। पूर्व में भी श्रीमती इंदू साहू बाल कल्याण समिति राजनांदगांव में अपनी सेवा प्रदान कर चुकी हैं। उनके किशोर न्याय बोर्ड मे सदस्य के लिए चयन होने पर पूरे परिवार, गणमान्य एवं सभी शुभचिंतकों द्वारा इस गौरव पूर्ण उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित की गई।

## युवती का अश्लील फोटो और विडियो वायरल करने वाले को कठोर कारावास एवं पांच हजार रूपये जुर्माना की सजा

राजनांदगाँव(दावा)। न्यायालय विशेष न्यायाधीश (एट्रोसिटी) राजनांदगाँव पीठासीन न्यायाधीश प्रवीण कुमार प्रधान के द्वारा युवती का अश्लील फोटो व विडियो वायरल करने के एक मामले में फैसला सुनाते हुऐ अभियुक्त के विरूद्ध आरोप साबित पाये जाने पर अभियुक्त बन्नूराम सिन्हा पिता नेतराम सिन्हा, उम्र 30 वर्ष, निवासी मुडिया, थाना सुरेगांव, जिला बालोद को धारा 67-क सूचना प्राद्योगिकी अधिनियम, 2000 (आईटी एक्ट) के आरोप में एक वर्ष का कठोर कारावास की सजा तथा 5000 हजार रू. अर्थदण्ड से दंडित किये जाने का दण्डादेश पारित किया गया। अर्थदंड की राशि अदा नहीं करने पर अभियुक्त को पचास दिन साधारण कारावास की सजा अलग से भुगतनी होगी।

मामले में शासन की ओर से पैरवी करने वाले विशेष लोक अभियोजक (एट्रोसिटी) जी.डी. वैष्णव ने बताया कि, पीड़िता और अभियुक्त बन्नूराम सिन्हा एक साथ काम करते थे तथा एक-दूसरे को पसंद करते थे। पीड़िता ने अभियुक्त को शादी करने के लिये कहा, जिस पर अभियुक्त ने मनाकर दिया और वर्ष 2020 में अपने समाज की लड़की से शादी कर लिया। साल भर तक दोनों के बीच बातचीत बंद हो गई और साल भर बाद फिर से अभियुक्त बन्नूराम और पीड़िता के बीच बातचीत शुरू हुआ। पीड़िता को अभियुक्त कॉल करता था। वर्ष 2022 में पीड़िता की सगाई हुई तब अभियुक्त उसे ब्लेकमेल करने लगा जिस पर अभियुक्त और पीड़िता का मिलना हुआ और अभियुक्त पीड़िता को होटल में ले जाकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाया तथा उस समय उसका नग्न फोटो और विडियो, अपने मोबाईल में बना लिया। दिनांक 07.04.2022 को पीड़िता की शादी हुई। दिनांक 21.04.2022 को पीड़िता अपने पति के साथ अपने मायके गई थी। दिनांक 26.04.2022 को अपने मायके से ससुराल आयी, तब उसके दूसरे दिन अभियुक्त ने पुनः पीड़िता को फोन पर कहा कि अपने पति को छोड़कर मेरे पास आ जाओ। पीड़िता के मना करने पर दिनांक 14.05.2022 को अभियुक्त ने पीड़िता का अश्लील फोटो ओर विडियो, पीडिता के पति ओर एक अन्य व्यक्ति के फोन में भेजा दिया। दिनांक 19.05.2022 को पीड़िता और उसके पति का अश्लील पोस्टर बनाकर गांव में लगभग तीन किलोमीटर के दायरे में 50 जगह चस्पा कर दिया तथा दूसरे दिन भी 6-7 पोस्टर गांव में अभियुक्त ने चिपका दिया था। उक्त घटना की लिखित शिकायत पीड़िता के द्वारा थाना बोरतलाव में की गई थी। उक्त शिकायत के आधार पर थाना बोरतलाव द्वारा मामला पंजीबद्ध कर जांच में लिया गया था। अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था तथा संपूर्ण जांच उपरान्त अभियोग पत्र विचारण हेतु विशेष न्यायालय के समक्ष पेश किया गया था।

### शपथ पत्र

शपथकर्ता संयम जैन (SANYAM JAIN), आयु 22 वर्ष पिता श्री अभय कुमार जैन (ABHAY KUMAR JAIN), जाति संवर्ग सामान्य, निवास का पता महावीर चौक वार्ड नं. 07 खैरागढ़, गोलबाजार पोस्ट ऑफिस खैरागढ़ -राज, तहसील खैरागढ़ जिला खैरागढ़-छुईखदान - गण्डई (छ.ग.) पिनकोड 491881

शपथकर्ता निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक प्रस्तुत करता है-

(1). यह कि मेरा नाम एवं पता का विवरण उपरोक्त अनुसार वर्णित है।

(2) यह कि मेरा वास्तविक नाम संयम जैन पिता श्री अभय कुमार जैन है। यह नाम मेरे आधार कार्ड एवं मतदाता परिचय पत्र में अंकित है।

(3) यह कि मेरे केन्द्रीय माध्यमिक विद्यालय परीक्षा के कक्षा दसवीं के प्रमाणपत्र (अनुक्रमांक 6188783) में मेरा नाम संयम जैन पिता का नाम अभय जैन अंकित है। यह कि संयम जैन, पिता श्री अभय कुमार जैन एवं संयम जैन पिता अभय जैन दोनो एक ही व्यक्ति के नाम है। दोनो अलग-अलग व्यक्ति नहीं है।

(4). यह कि संयम जैन पिता श्री अभय कुमार जैन के नाम से मेरा पासपोर्ट बनाने हेतु उक्त शपथपत्र की आवश्यकता हुई है। शपथकर्ता

**सत्यापन**

मैं शपथकर्ता संयम जैन पिता श्री अभय कुमार जैन शपथपूर्वक सत्यापन करता हूँ कि उपरोक्त शपथपत्र की कंडिका क्रमांक 1 से 4 तक की बातें मेरे निजि ज्ञान से सत्य एवं सही है। अतएव आज दिनाँक 19/06/2025 को स्थान खैरागढ़ में हस्ताक्षर कर सत्यापन किया।

शपथकर्ता

### शुभांक

अनुमानित

बी. के
1-3-9
278-7 390-2
राजधानी
2-4-0
100-1 670-3

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

### न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी खैरागढ़, जिला-खैरागढ़, छुईखदान, गंडई (छ.ग.)

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक बेदराम निषाद आ. स्व. कलीराम निवासी शहर ग्राम कुलीकसा प.ह.नं........ तहसील खैरागढ़, जिला-खैरागढ़, छुईखदान-गंडई (छ.ग.) ने अपने पिता स्व. कलीराम आ. गुनुराम मृत्यु प्रमाण पत्र की मांग की गई है। उपरोक्त आवेदन पत्र इस न्यायालय में मृत्यु दिनांक 21/8/2006 को स्थान कुलीकसा पर होना बताया जाकर मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु प्रकरण विचाराधीन है। इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो तो वे सुनवाई तिथि 26/6/2025 लिखित में स्वयं/अथवा अपने अभिभावक के माध्यम से पेश कर सकते है। बाद में प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार दिनांक 9/6/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

जारी दिनांक 9/6/2025
सुनवाई दिनांक 26/6/2025

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी खैरागढ़ (छ.ग.)**

## पीएम आवास के युवक को तीन लोगों ने मिलकर मारा, आई गंभीर चोटें



**डॉक्टर ने लिखा सामान्य चोटें, पुलिस से नहीं मिला न्याय, न्याय के लिए भटक रहा युवक**

राजनांदगांव (दावा)। शहर के रेवाड़ीह स्थित पीएम आवास में रहने वाले एक युवक को वहीं के तीन लोगों ने इतना मारा कि उसकी दांत टूट गई, मुंह से खून निकल गया, सिर फूट गया जिसके चलते उसे हास्पीटल में 40 टांके लगाए गए, इलाज के लिए 3 दिन तक भर्ती रखा गया, बाद में स्थित की गंभीरता को देखते हुए उसे रायपुर रिफर कर दिया गया। इसके बाद भी मेडिकल कॉलेज हास्पीटल के डाक्टर ने जांच रिपोर्ट में सामान्य चोटें लिख दिए जाने से युवक के साथ मारपीट करने वालों पर उक्त गंभीर मामले के आधार पर कार्रवाई नहीं हो सकी और न उसे न्याय मिल सका। स्थिति यह कि उक्त पीड़ित युवक अपने साथ हुए इस अन्याय के खिलाफ कलेक्टर, एसपी, आईजी के समक्ष जाकर गुहार लगानी पड़ी है किंतु उक्त डाक्टर रिपोर्ट को आधार मानते हैं उसे वहां भी न्याय नहीं मिला। अधिकारी यही कह रहे हैं कि जो डाक्टरी रिपोर्ट में आया है उसी के आधार पर कार्रवाई होगी।

**पीड़ित युवक को नहीं मिल पा रहा न्याय**

बहरहाल उक्त पीड़ित युवक मेडिकल कॉलेज की उक्त सहयोगी डाक्टर की अवास्तविक रिपोर्ट का खामियाजा भुगतते हुए जगह-जगह जाकर न्याय का गुहार लगा रहा है लेकिन उसकी कोई भी सुनने वाला नही है। अंत में उन्होंने थक हार कर मीडिया की शरण ली और अपनी पीड़ा बताते हुए कहा कि उनका नाम जगतार सिंह आयु (36) वर्ष पिता (स्व. स्वर्ण सिंह) निवासी रेवाड़ीह इस्कॉन सिटी पीएम आवास है। जहां वह छोटी सी किराना दुकान चलाता है। 7 मई की रात वह लगभग 8 बजे करीब खाना खा कर टहलने निकला था तब वहां के तीन लोगों ने उसके साथ जमकर मारपीट की, जानलेवा हमला किया। जिससे वह बेहोश हो गया था। उक्त घटना के खिलाफ उसके जीजा हरपाल सिंह ने लालबाग थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। लेकिन वहां भी त्रुटि पूर्ण रिपोर्ट लेखन कर दिया गया। वहीं डाक्टरी रिपोर्ट के आधार पर पुलिस द्वारा आरोपियों पर लगाई गई 151 की मामूली जमानती धारा के तहत आरोपियों को छोड़ दिया गया। आरोपी इस पर उल्टे उसे आकर जान से मारने की धमकी दी। इसकी भी लालबाग थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। लेकिन इस पर भी पुलिस ने धमकी देने वाले आरोपियों के खिलाफ़ कोई भी एक्शन नहीं लिया।

**पत्थर सरकाने को लेकर की गई मारपीट**

प्रेस वार्ता में अपनी बहन गुरजीत कौर के साथ पहुंचे पीड़ित युवक ने घटना के संबंध में बताया कि गत 7 मई रात तकरीबन 8:30 बजे वह अपने घर के बाहर टहलने निकला था। टहलने के पश्चात घर के सामने सीमेंट रोड रास्ते पर बुलबुल श्रीवास, भावना श्रीवास एवं शिवम् श्रीवास द्वारा बैठने के लिए बड़े-बड़े पत्थर रखे हुए थे इनके ही द्वारा वहां लकड़ी की पटनी से बनाई हुई 2 स्थाई टेबल बनाए गए है उस वक्त पत्थर पर कोई नहीं बैठा था टहलने के समय उन्होंने बीच में रखे हुए बड़े पत्थर को पैरों से किनारे में सरकाया। इस पर बुलबुल श्रीवास एवं भावना श्रीवास अपने घर से नीचे आकर उसके साथ गली गलौज करते हुए कॉलर पकड़ा और जमकर मारपीट की। उन्होंने उनसे अपना बचाव करते हुए उन्हें अपने से दूर किया उस पश्चात शिवम् श्रीवास ने पीछे से आकर सर पर हथौड़ा से वार किया जिसके कारण वह नीचे गिर गया इसके बाद शिवम् श्रीवास के द्वारा लगातार सिर पर 6 बार जान लेवा हमला किया एवं जबड़े में हथौड़े से भी वार किया गया जिससे उसका जबड़ा टूट गया और एक दांत टूट कर गिर गया तथा 4 दांत क्षतिग्रस्त हो गए। इस दौरान बुलबुल श्रीवास एवं भावना श्रीवास द्वारा बड़े-बड़े पत्थरों और ईट और किलें लगी पटनी से हमला किया गया जिससे उसके सिर, मुंह सहित प्राइवेट पार्ट पर गंभीर चोटें आई है। इससे हास्पीटल में सिर और मुंह में कुल 40 टांके लगे हैं। जिसे असिस्टेंट डॉ. प्रिया सलामे द्वारा साधारण चोट बता दिया गया। पुलिस द्वारा उक्त रिपोर्ट को आधार बनाकर आरोपियों पर सामान्य धारा के तहत कार्रवाई की है जिसके चलते उस पीड़ित को द्वारा न्याय नहीं मिल पाया। उन्होंने पुलिस और प्रशासन ने न्याय की मांग की है।

## शहर के विभिन्न मंदिरों में चढ़ेगा पीतल का गदा, आज होगा शुभारंभ



राजनांदगांव (दावा)। श्री हनुमान सेवा समिति द्वारा एक विशेष धार्मिक पहल के अंतर्गत शहर के विभिन्न हनुमान मंदिरों में पीतल का गदा अर्पित करने का आयोजन किया गया है। यह पुण्य कार्य आज शनिवार, 21 जून को शाम 4 बजे से आरंभ होगा। शुभारंभ शीतला मंदिर, राजनांदगांव से किया जाएगा। आयोजन में श्रद्धालुओं एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति अपेक्षित है।

समिति के सदस्यों ने बताया कि यह पहल हनुमान भक्तों की आस्था और धार्मिक चेतना को सुदृढ़ करने की भावना से प्रेरित है। शहर के जिन हनुमान मंदिरों में अभी तक पीतल का गदा स्थापित नहीं हुआ है, वहां यह विशेष रूप से चढ़ाया जाएगा। जिन मंदिरों में पीतल का गदा अर्पित किया जाएगा उनमें प्रमुख रूप से शीतला मंदिर, महावीर चौक मंदिर, मानव मंदिर चौक, गांधी चौक हनुमान मंदिर, गंज चौक हनुमान मंदिर, पुराना बस स्टैंड हनुमान मंदिर, स्टेडियम चौक हनुमान मंदिर, सिंगारपुर हनुमान मंदिर, मोतीपुर, नवागांव, मिलचाल, बजरंग चौक, बसंतपुर, लखोली, शक्ति नगर, पाताल भैरवी, चिखली शामिल है। आयोजकों का आग्रह है कि अधिक से अधिक श्रद्धालु इस पावन अवसर पर उपस्थित होकर इस धार्मिक सेवा यज्ञ में भाग लें और कार्यक्रम को सफल बनाएं। समिति ने यह भी स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी ऐसे ही आयोजन कर शहर के सभी हनुमान मंदिरों में पीतल के गदा की स्थापना की जाएगी, जिससे भक्ति भाव और सामाजिक एकता को और अधिक मजबूती मिल सकें।

### OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER PUBLIC WORKS DEPARTMENT, E/M CIRCLE, RAIPUR (C.G.)

**e-Procurement Tender Notice**

Online tenders are invited on behalf of Governor of Chhattisgarh from contractors, C.G. P.W.D in new Registration system (unified Registration system) for the following work:-

| NIT No. | Name of work | Probable amount of contract |
|---|---|---|
| 10/SE E/M/2025 (II Call) System Tender No जमा मद 170305 | RAISING THE HEIGHT AND SHIFTING OF LT LINE, 11KV LINE 11KV LINE DP & 33KV LINE PASSES OVER CONSTRUCTION ROAD (KHAIRAGARH TO DEORI SARGTARAI) AT LOCATION OF VILLAGE DEORI (SARAGTARAI) BLOCK, KHAIRAGARH (C.G.) | Rs 16.16 Lacs |

Date of bid submission will be 03-07-2025
The tender documents can be downloaded from the web-portal http://eproc.cgstate.gov.in.Only those contractors/bidders, interested in bidding shall pay the tender document cost online.

G- 252601699/1

**Superintending Engineer**
**P.W.D., E/M Circle Raipur (C.G.)**

### कार्यालय कार्यपालन अभियंता
### लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ.ग.)

**निविदा निरस्तीकरण**

जी.क्रमांक-252601380

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित निविदा सूचना क्रमांक-12 दिनांक 03.06.2025 (सिस्टम क्रमांक 169641), ग्राम श्यामपुर विकासखण्ड छुईखदान आमंत्रित की गई निविदा अपरिहार्य कारण से निरस्त की जाती है।

जी- 252601665/4

**कार्यापालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड**
**खैरागढ़-छुईखदान,गण्डई (छ.ग.)**

# 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत जिले के सभी शासकीय कार्यालयों में किया गया सघन पौधरोपण




जिले भर में लगभग 18 हजार से अधिक पौधे लगाए गए

राजनांदगांव (दावा)। बारिश के मौसम के दृष्टिगत आज जिले के सभी शासकीय कार्यालयों में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत सघन पौधरोपण किया गया। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के निर्देश पर आज जिले के सभी शासकीय कार्यालयों में व्यापक पैमाने पर पौधरोपण किया गया। जिले भर में लगभग 18 हजार से अधिक पौधे लगाए गए। इस अवसर पर सभी ने पौधरोपण करने के बाद पौधों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए भी सभी ने प्रतिबद्धता व्यक्त की। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने जिलेवासियों से बारिश के मौसम में पौधे लगाने की अपील की है। उन्होंने सभी नागरिकों से आव्हान करते हुए कहा है कि आइए हम अपने शहर एवं गांव को हरा भरा बनाएं। धरती की हरीतिमा, पर्यावरण की रक्षा के लिए अपना दायित्व निभाते हुए एक पेड़ माँ के नाम अभियान में सहभागिता निभाएं। उन्होंने कहा कि बारिश पौधरोपण के लिए उपयुक्त समय है। यही वह वक्त है जब पौधे आसानी से मिट्टी में अपनी जड़ें मजबूती से बना लेते हैं। ग्लोबल वार्मिंग एवं बढ़ते तापमान के दुष्प्रभाव को रोकने के लिए पौधरोपण करना एवं जल संरक्षण बहुत आवश्यक है। ऑक्सीजन को बढ़ाने और धरती के तापमान को कम करने के लिए हमारा यह कर्तव्य है कि पौधे लगाएं और उनकी देखभाल एवं सुरक्षा भी सुनिश्चित करें। फलदार एवं छायादार वृक्ष लगाना पुण्य का कार्य है। आज हमें वृक्षों की छांव मिल रही है, क्योंकि किसी ने बहुत पहले पौधे लगाए थे। आने वाली पीढ़ियों को उन वृक्षों की शीतल छांव मिलती है, वहीं फल-फूल भी प्राप्त होते हैं। आइए हम सभी पौधरोपण के लिए प्रतिबद्ध होकर अपनी भागीदारी निभाएं।

शासकीय कार्यालयों के साथ ही जनप्रतिनिधियों की भी एक पेड़ माँ के नाम अभियान अंतर्गत सहभागिता रही। जिले में कलेक्टोरेट, जिला पंचायत, कृषि, कौशल विकास प्राधिकरण, महिला एवं बाल विकास, परिवहन, रेशम, पशु चिकित्सा, आदिम जाति कल्याण, खेल एवं युवा कल्याण, नगर पंचायत डोंगरगढ़, नगर पंचायत छुरिया, स्वास्थ्य, विद्युत, बीज निगम, नगर पालिक निगम, लोक निर्माण, जल संसाधन, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, क्रेडा, उप जेल, मछली पालन, लीड बैंक मैनेजर, सहकारी संस्थाएं, शिक्षा, आयुष, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, नगर तथा ग्राम निवेश, राज्य कर, विपणन, स्टेट वेयर हासिंग कार्पोरेशन, जनपद पंचायत छुरिया, जिला व्यापार एवं उद्योग, खनिज, नगर पंचायत डोंगरगढ़, कृषि उपज मंडी, गृह निर्माण मंडल, जनपद पंचायत राजनांदगांव सहित अन्य विभागों व कार्यालयों में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत सघन पौधरोपण किया गया।

जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव ने एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत ग्राम भंडारपुर, चिरचारीकला, थैलीटोला, भोलापुर में पौधरोपण किया। इस दौरान अन्य जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने पौधरोपण किया। एसडीएम राजनांदगांव खेमलाल वर्मा, एसडीएम डोंगरगांव श्रीकांत कोर्राम, एसडीएम डोंगरगढ़ अभिषेक तिवारी ने तहसील परिसर में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया। इस अवसर पर तहसील कार्यालय के अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा फलदार व छायादार पौधों का रोपण किया गया। कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग समीर शर्मा द्वारा सोमनी स्थित जल शुद्धिकरण संयंत्र में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया गया।

# किडनैपिंग की बात निकली अफवाह, बच्चे घूमने गए थे रायपुर

डोंगरगांव (दावा)। दो दिनों पूर्व डोंगरगांव से दो बच्चों के किडनैपिंग की चर्चा पर विराम लगते हुए दोनों बच्चे तीन दिनों बाद सकुशल लौट आए हैं। बच्चों के लापता होने की खबर के बाद पूरे शहर सहित सोशल मीडिया में अनेक प्रकार की चर्चाएं व्याप्त रही। इस मामले को लेकर बच्चा चोर गिरोह के सक्रिय होने तथा अपहरण की बातें भी सामने आ रही थी। वहीं दोनों बच्चों के लापता होने की जानकारी सोशल मीडिया में प्रसारित कर उनके संबंध में जानकारी देने अपील किया गया था। वहीं घटना के तीसरे दिन बच्चों के सकुशल डोंगरगांव अपने घर वापस आने पर मामले का खुलासा हुआ।

इस मामले में डोंगरगांव पुलिस ने बताया कि बच्चों के अपहरण जैसी कोई वारदात नहीं हुई थी। वे स्वयं ही घूमने निकल गए थे। शहर से दो बच्चे लक्की 13 वर्ष और साहिल 14 वर्ष के लापता होने के बाद यह मामला पूरे शहर में आग की तरह फैला और अनेक प्रकार की चर्चाएं हुई। घटना 18 जून के दोपहर 3 बजे का बताया गया और वह 20 तारीख की सुबह करीब नौ बजे डोंगरगांव अपने घर पहुंच गया। उनके इस कुशल वापसी की खबर के बाद परिजनों और शहरवासियों ने राहत की सांस ली। इसी बीच जब बच्चों से परिजनों ने पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि साहिल अपने डोंगरगांव अपने मामा के यहां आया था, उसे गुम हुआ फोन मिला था और जिसका वह फोन था, उसने साहिल से संपर्क कर फोन वापस करने कहा गया। इधर साहिल डोंगरगांव के फौव्वारा चौक में फोन वापस किया। वहीं फोन के मालिक ने उन्हें कुछ पैसे दिए। इसके बाद लकी और साहिल गुपचुप खाने शहर की चौपाटी चले गए। वहां से वापसी के समय जैसा बच्चों के बताए अनुसार कोई अज्ञात व्यक्ति लाल कलर की वैन में आया और स्प्रे मारकर उन्हें गाड़ी में डालकर ले गया। इसके बाद ग्राम बगदई के पास उनको होश आया और उसके बाद फिर रुमाल को सूंघाकर उन्हें बेहोश कर दिया। इसके बाद रायपुर के भाटागांव पहुंचकर उन्हें होश आया और वह वेन का कांच तोड़कर निकल गए और वापसी के लिए उन्होंने बताया कि कोई भला इंसान उन्हें अपने साथ रखा और खिलाने पिलाने के बाद डोंगरगांव के लिए रवाना किया। यह पूरी कहानी बच्चों के द्वारा बताई गई। वहीं इस मामले में जब डोंगरगांव पुलिस ने बच्चों से पूछताछ की। तब मामला साफ हो गया और यह मामला किडनैपिंग का न होकर घूमने जाने पर आ गया। थाना डोंगरगांव निरीक्षक अवनीश श्रीवास ने बताया कि बच्चों से पूछताछ की गई। उन्होंने अलग-अलग कहानी बताई है। मिली जानकारी के अनुसार लकी पहले भी किसी शादी समारोह में रायपुर गया हुआ था और उनके पास कुछ पैसे थे। जिसके सहारे डोंगरगांव से बस में राजनांदगांव पहुंचे और राजनांदगांव से ट्रेन के माध्यम से रायपुर पहुंच गए। जहां घूमने-फिरने के बाद किसी भले इंसान के द्वारा पूछताछ कर उन्हें वापस डोंगरगांव के लिए रवाना किया गया। बच्चों ने अपने इस घूमने के प्लान को डर और डांट फटकार के चलते किडनैपिंग बताकर सभी को भ्रमित कर दिया था।

## पहला कॉलम...

### कलेक्टर ने दिग्विजय स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय योग कार्यक्रम की तैयारियों का किया निरीक्षण



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में आयोजित जिला स्तरीय योग कार्यक्रम की तैयारियों का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने जिला स्तरीय योग कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने मंच, मंच संचालन, फ्लैक्स, साफ-सफाई, कार्यक्रम के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने योगाभ्यास में शामिल होने वाले नागरिकों की बैठक व्यवस्था, पार्किंग, पेयजल व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने दिग्विजय स्टेडियम के इनडोर हॉल का भी निरीक्षण किया। बारिश होने की स्थिति में योग कार्यक्रम दिग्विजय स्टेडियम के इनडोर हॉल में आयोजित किया जाएगा। इस दौरान अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर प्रेम प्रकाश शर्मा, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग एसके चौरसिया, उपसंचालक समाज कल्याण बीएल ठाकुर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### ओसवाल लाईन में नाली बनाने महापौर ने किया भूमिपूजन



राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम द्वारा वार्डो में विभिन्न विकास कार्य कराये जा रहे है। विकास कार्य कडी में आज वार्ड नं. 37 ओसवाल लाईन में अधोसंरचना मद अंतर्गत 15 लाख रूपये की लागत से नाली निर्माण करने महापौर मधुसूदन यादव ने निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, लोक निर्माण विभाग के प्रभारी सदस्य सावन वर्मा एवं वार्ड पार्षद जैनम बैद सहित वार्डवासियों की उपस्थिति में श्रीफल फोड़कर, गैती चलाकर भूमिपूजन किया। भूमिपूजन के पूर्व वार्ड के मानोश गोलछा, भागचंद गिड़िया, मनोज कोटड़िया, पंकज टाटीया, अशोक श्रीश्रीमाल, अजीत गिड़िया, नरेश बैद, मनोज ओस्तवाल, भोला पारख, विनोद पारख ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। भूमिपूजन अवसर पर महापौर ने कहा कि शासन द्वारा संस्कारधानी में विकास कार्य कराने नगर निगम में स्वीकृति दिये थे। शासन स्वीकृति एवं विधायक डॉ. रमन सिंह तथा सांसद संतोष पाण्डे की अनुशंसा पर उनकी निधि अंतर्गत विभिन्न विकास कार्य वार्डो में कराए जा रहे है। उन्होंने कहा कि वार्ड 37 के लिए स्वीकृत राशि से 15 लाख रूपये की लागत से ओसवाल लाईन में नाली निर्माण करने आज भूमिपूजन किया जा रहा है। उक्त कार्य जल्द प्रारंभ किया जाएगा, ताकि ओसवाल लाईन वालो को इसका लाभ मिल सके।

### जिला चिकित्सालय में कैंसर स्क्रीनिंग कैम्प का हुआ आयोजन




राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के मार्गदर्शन में गैर संचारी रोग कार्यक्रम अंतर्गत जिला चिकित्सालय राजनांदगांव में बालको मेडिकल सेंटर के सहयोग से कैंसर स्क्रीनिंग कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प में बालको मेडिकल सेंटर से कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. रश्मि राय, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन, डॉ. माधुरी खूंटे, जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अल्पना लूनिया, जिला सलाहकार आरएमएनसीएचए डॉ. स्नेहा जैन, जिला सलाहकार एनसीडी डॉ. विकास राठौर उपस्थित थे। कैंसर स्क्रीनिंग कैम्प में ओरल, ब्रेस्ट एवं सर्वाइकल कैंसर का परीक्षण किया गया। परीक्षण हेतु कैम्प में कुल 55 लोगों का कैंसर स्क्रीनिंग किया गया। जिसमें 3 स्तन कैंसर, गर्भाशय कैंसर, ब्लड कैंसर के संभावित मरीज मिले। जिन्हे अग्रीम जांच हेतु मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव जाने की सलाह दी गई। कैम्प में कैंसर स्क्रीनिंग के साथ साथ बीपी एवं शुगर की जांच भी की गयी।

# स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण-2025 के संबंध में एक दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला




राजनांदगांव (दावा)। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह की उपस्थिति में स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता की स्थिति का आकलन के लिए एक दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन जिला पंचायत के सभाकक्ष में किया गया। कार्यशाला में स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण-2025 के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश एवं विभिन्न दायित्वों के संबंध में जानकारी प्रदान की गई।

सीईओ जिला पंचायत ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण-2025 के सफल क्रियान्वयन के लिए सामुदायिक भागीदारी, जन-जागरूकता एवं सतत प्रयासों की अत्यंत आवश्यकता है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से कहा कि प्रशिक्षण में प्राप्त जानकारी को अपने-अपने क्षेत्रों के ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करें। कार्यशाला के दौरान विषय विशेषज्ञों द्वारा सर्वेक्षण की विस्तृत कार्ययोजना, मूल्यांकन मानकों, पंचायत प्रतिनिधियों की भूमिका एवं महिला स्वच्छाग्रहियों की सक्रिय भागीदारी पर विस्तार से जानकारी दी गई।

साथ ही सर्वेक्षण के संचालन के लिए आवश्यक तकनीकी और व्यवहारिक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यशाला में जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के खंड समन्वयक, संकुल समन्वयक, कंप्यूटर ऑपरेटर, प्रभारी अधिकारियों एवं जिला समन्वयक, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) जिला पंचायत राजनांदगांव ने सहभागिता की।

# जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव की बिटिया मानसी वैष्णव ने लगाया 'एक पेड़ मां के नाम'



छुरिया (दावा)। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव व जिला भाजपा महामंत्री रविन्द्र वैष्णव की बिटिया मानसी वैष्णव आज अपने माता-पिता के साथ 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत एक पेड़ लगाकर वृक्षारोपण कार्य की।

जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि 'एक पेड़ माँ के नाम' एक प्रयास है, जो हमारी मातृभूमि और प्रकृति के प्रति हमारे सम्मान और समर्पण को दर्शाता है। आज मेरी बिटिया भी कार्यक्रम में शामिल होकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर जामुन के वृक्ष का वृक्षारोपण की है। निश्चित रूप से पेड़ हम सभी को लगाना भी जरूरी है और उससे ज्यादा उसका देखभाल करना भी जरूरी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर इस अभियान की शुरुआत की गई है। इस अभियान का का उद्देश्य माँ के नाम पर एक पेड़ लगाना और एक स्थायी स्मृति बनाना है, जो न केवल पर्यावरण की रक्षा करेगा बल्कि एक हरे और अधिक समृद्ध भविष्य के निर्माण में भी योगदान देगा। माँ और प्रकृति दोनों ही जीवन का मूल आधार हैं और इस पहल के माध्यम से हम अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं।

'एक पेड़ माँ के नाम' का हिस्सा बने और अपनी माँ के लिए एक अविस्मरणीय स्मृति बनाने के लिए एक पेड़ लगाएं। वृक्षारोपण से वायु और जल प्रदूषण को कम करने, मिट्टी के कटाव को रोकने, और जैव विविधता को बढ़ाने में मदद मिलती है। वृक्षारोपण से शहरों और गांवों में हरियाली बढ़ती है, जिससे वातावरण अधिक सुंदर और स्वस्थ बनता है। श्रीमती वैष्णव ने सभी से अपील की है की सभी को वृक्षारोपण कार्यक्रम के महत्व के बारे में लोगों को शिक्षित करें व अधिक से अधिक पेड़ लगाने प्रेरित करे।

# बलिदान दिवस को बूथ स्तर पर आयोजन हेतु बने किशुन यदु को जिला संयोजक



राजनांदगांव (दावा)। प्रदेश भाजपा के आव्हान पर भाजपा के आधारस्तंभ वरिष्ठ मार्गदर्शक पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस 23 जून पर सभी बूथों में कार्यक्रम आयोजित करने के उद्देश्य से जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, जिला महामंत्री सौरभ कोठारी, रविंद्र वैष्णव ने जिला संयोजक किशुन यदु को बनाया गया है। सहसंयोजक रामकुमार गुप्त एवं जैन कुमार मेश्राम को बनाया गया है।

इसी प्रकार मंडलों के संयोजक/सह संयोजक बनाए गए हैं। जिसमें राजनांदगांव उत्तर मंडल संयोजक चंद्रभान जंघेल, सहसंयोजक विनोद भारती, दक्षिण मंडल संयोजक रवि साहू, सह संयोजक प्रवीण शुक्ला, राजनंदगांव ग्रामीण पूर्व मंडल संयोजक गोविंद देवांगन, सह-संयोजक नील निर्मलकर, राजनंदगांव ग्रामीण पश्चिम मंडल संयोजक बलराम निर्मलकर, सह-संयोजक हेमदीप साहू, डोंगरगढ़ शहर मंडल संयोजक विनीत यादव, नागेंद्र परिहार सहसंयोजक, डोंगरगढ़ ग्रामीण मंडल कन्हैया वर्मा संयोजक, नामदेव वर्मा सह संयोजक, घुमका मंडल विनोद बारले संयोजक, ललित साहू सह-संयोजक, तिलई मंडल राकेश साहू संयोजक, ईश्वर साहू सहसंयोजक, डोंगरगांव मंडल डीकेश साहू संयोजक, योगेश पटेल सह-संयोजक, अर्जुनी मंडल विजय जैन संयोजक, डोमन पटेल सह-संयोजक, तुमड़ीबोड़ मंडल गोकुल सिन्हा संयोजक, मोहन पाल सह-संयोजक, मुसरा-मुरमुंदा रामचरण वर्मा संयोजक, ओम साहू सहसंयोजक, लाल बहादुर नगर कैलाश उईके संयोजक, राजकुमार ताम्रकार सह-संयोजक, छुरिया मंडल खिलेंद साहू संयोजक, सोहन साहू सह-संयोजक, कुमरदा मंडल दिग्विजय साहू संयोजक, मनोहर साहू सह-संयोजक, गैंदाटोला मंडल कुमार राय साहू संयोजक, रामकुमार मंडावी सह-संयोजक बनाए गए हैं। गत 23 जून को बलिदान दिवस सभी बूथों पर मनाया जाएगा। इसके लिए सभी बूथ अध्यक्ष एवं बुथ कमेटी के सदस्य के साथ-साथ वहां पर निवास करने वाले सभी जनप्रतिनिधि, भाजपा के पदाधिकारीगण अपने बूथों में इस कार्यक्रम में शामिल होंगे।

# एनएसयूआई ने शिक्षा कि अव्यवस्था को लेकर मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया



राजनांदगांव (दावा)। आज एनएसयूआई ने प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडेय के आदेशानुसार प्रदेश सचिव ऋषभ निर्मलकर के नेतृत्व में दिग्विजय महाविद्यालय चौक में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का पुतला दहन किया गया। एनएसयूआई प्रदेश सचिव ऋषभ निर्मलकर ने कहा कि पूरे प्रदेश के साथ-साथ जिले की पूरी शिक्षा व्यवस्था बदहाल हो गई है और सरकार शराब दुकान खोलने में मस्त है। जिले के महाविद्यालयों में नियमित प्रोफेसर नहीं हैं। छात्रों को समय पर छात्रवृत्ति नहीं मिल रही है। बड़े दुःख कि बात है कि मुख्यमंत्री के पास ही शिक्षा विभाग भी हैं। फिर भी ये विभाग का अता पता नहीं है।

पूर्व पार्षद एवं छात्रसंघ अध्यक्ष ऋषि शास्त्री और प्रदेश सचिव एनएसयूआई राजा यादव में कहा कि प्रदेशभर में लगातार भाजपा और आएसएस संगठन से जुड़े छात्रनेता अवैध तस्करी और अपराध में संलिप्त पाए जा रहे है। स्कूल और महाविद्यालय की व्यवस्था लचर होती जा रही है। बेरोजगारी चरम पर है और वही विष्णुदेव सरकार सुशासन तिहार मनाने में व्यस्थ है। आने वाले समय में भी सरकार के कुशासन के खिलाफ आईना दिखाने के लिए हम सब लामबंद रहेंगे।

एनएसयूआई प्रदेश सचिव शुभम प्रजापति एवं विधानसभा अध्यक्ष उज्जवल निर्मलकर ने कहा कि बीजेपी ने अपने घोषणा पत्र में छात्रों के लिए महाविद्यालय में अध्ययन करने वालों छात्रों के लिए आने जाने के लिए ट्रेवल्स एलाउंस दिया जाएगा, लेकिन बीजेपी की सरकार बनने के बाद एक भी छात्र को इसका लाभ नहीं मिला।

इस कार्यकम में मुख्य रूप से एनएसयूआई प्रदेश संयुक्त महासचिव राजा यादव पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री, प्रदेश सचिव ऋषभ निर्मलकर, शुभम प्रजापति, अभिमन्यु मिश्रा, यमन सांडे, टिकेश देशलहरे, आयुष, रोहित उत्केल, संजय सिन्हा, लोकेश साहू, यशवंत साहू, लव, अतुल लहरे, मयंक मिश्रा, जितेंद्र पटेल एवं अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## लालबाग में निकलेगी महाप्रभु जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा, श्रद्धालुओं से पहुंचने की अपील



राजनांदगांव (दावा)। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी छत्तीसगढ़ घासी घासीया समाज के तत्वावधान में भगवान महाप्रभु जगन्नाथ स्वामी, बलभद्र एवं माता सुभद्रा की भव्य रथ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह भक्ति और श्रद्धा से परिपूर्ण यात्रा लालबाग प्रभात नगर, वार्ड क्रमांक 23 से धूमधाम से निकाली जाएगी। कार्यक्रम के संयोजक एवं रथ यात्रा समिति के संरक्षक गोलू नायक ने जानकारी देते हुए बताया कि रथ यात्रा की तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। उन्होंने समस्त श्रद्धालुजनों और नगरवासियों से आग्रह किया है कि वे अपने पूरे परिवार सहित रथ यात्रा में शामिल होकर भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और माता सुभद्रा के दिव्य आशीर्वाद का लाभ प्राप्त करें।

रथ यात्रा के दौरान पूरे मार्ग को सजाया जाएगा और भजन-कीर्तन, शंखध्वनि व जयघोषों से वातावरण भक्तिमय होगा। श्रद्धालु भक्तगण रथ को खींचकर पुण्य अर्जित करेंगे। इस दौरान समाज के विभिन्न पदाधिकारी एवं स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद रहेंगे।

छत्तीसगढ़ घासी घासीया समाज द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित की जाने वाली यह यात्रा सामाजिक एकता और धार्मिक समरसता का प्रतीक बन चुकी है। यात्रा के सफल आयोजन हेतु समाज के सभी सदस्य सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। गोलू नायक वर्तमान में छत्तीसगढ़ घासी घासीया समाज के प्रदेश महामंत्री, जगन्नाथ रथ यात्रा समिति के संरक्षक तथा सफाई कर्मचारी नगर पालिक निगम यूनियन संघ राजनांदगांव के अध्यक्ष हैं। कार्यक्रम में सभी धर्मप्रेमी बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की गई है।

## सनातन धर्म महासभा ने आटो रिक्शा चालकों को पहचान पत्र लगाने सौंपा ज्ञापन



राजनांदगांव (दावा)। सनातन धर्म महासभा द्वारा एसपी व एएसपी को सनातन धर्म महासभा द्वारा रेल्वे स्टेशन से आने-जाने वाले सभी यात्रियों की भविष्य में सुरक्षा व जनहित को ध्यान में रखते हुए रेल्वे स्टेशन व सभी आटो रिक्शा चालकों को पूर्ण नाम पता, पहचान पत्र सहित आटो रिक्शाओं में पुलिस थाने का नंबर अनिवार्य रूप करने हेतु ज्ञापन दिया गया। सनातन धर्म महासभा के छग प्रदेश अध्यक्ष संतोष पटाक ने बताया कि ऑटो रिक्शा चालकों को पूरे प्रदेश में अनिवार्य रूप पहचान पत्र लगाने हेतु पूरे प्रदेश के जिलाध्यक्षों को ज्ञापन देने को कहा गया। ऑटो रिक्शा चालकों में अनिवार्य रूप से पहचान पत्र होने से सभी रेलयात्री एवं अन्य किसी को अनहोनी को सामना नहीं करना पड़ेगा। उक्त ज्ञापन में मुख्य रूप से छग सनातन धर्म के प्रदेश अध्यक्ष संतोष पटाक, जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर, जिला नवयुवक मंडल अध्यक्ष सौरभ खण्डेलवाल, शहर उपाध्यक्ष महेन्द्र शुक्ला, राजेश लढ्ढा, शिव वर्मा, भोला यादव आदि विशेष रूप से उपस्थित होकर पहचान पत्र अनिवार्य करते हुए करने की मांग की। उपरोक्त जानकारी प्रदेश प्रवक्ता हरीश गांधी ने दी।

## पीएमश्री आत्मानंद स्कूल में शाला प्रवेश उत्सव मना



डोंगरगांव (दावा)। नगर में संचालित पीएमश्री आत्मानंद स्कूल में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। दिनांक 20 जून को नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इस गरिमामय कार्यक्रम में अतिथि के तौर पर पहुंची नपं अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी ने अपने हाथों से तिलक लगाकर बच्चों को खीर पुड़ी वितरण किया। शाला प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष अरुण जैन, सदस्य गुलशन हिरवानी, संदीप जैन, भाजपा मंडल अध्यक्ष दीना पटेल, महेश्वर साहू पालक, सेवानिवृत शिक्षक केआर साहू, सीएमओ विनम्र जेमा, प्राचार्य बीएल देवांगन, वरिष्ठ व्याख्याता आरके गणवीर, वायआर कोठारी, स्वाति वर्मा, विद्यालय के समस्त स्टॉफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित हुए। इस आयोजन के पश्चात वृहद वृक्षारोपण किया गया।

उपस्थित अतिथियों द्वारा पौधारोपण कर पौधों का संरक्षण करने का संकल्प लिया। इस दौरान विभिन्न प्रजाति के फूलदार/फलदार पौधों का रोपण किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी ने इस संस्था में अध्यनरत 1000 से अधिक छात्र-छात्राओं को शुद्ध पेयजल हेतु वाटर फिल्टर शीघ्र प्रदान करने की बात की गई।

## अनमोल दावा

> प्रेरणा का सबसे बड़ा स्त्रोत आपके अपने विचार है, इसलिए बड़ा सोचे ओर खुद को जितने के लिए हमेशा प्रेरित करें।

## बुजुर्ग होते विश्व में भारत की महत्ता, देश में लगातार बुजुर्गों की संख्या बढ़ रही है

वर्तमान में देश की आबादी में 60 वर्ष से अधिक आयुवर्ग के लोगों का प्रतिशत 9.5 है। 2036 में ऐसे लोगों की आबादी बढ़कर 13.9 प्रतिशत हो जाएगी। चौथी रिपोर्ट संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) की है। इसमें कहा गया है कि अगले 25 वर्षों में भारत की आबादी में 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों की हिस्सेदारी 20.8 प्रतिशत तक पहुंच जाएगी।

देश में 16वीं जनगणना की अधिसूचना जारी हो चुकी है। देश में यह पहली ऐसी जनगणना होगी, जहां आंकड़ों का संकलन कागज-कलम से न होकर डिजिटल आधार पर किया जाएगा। 2011 के बाद होने वाली इस जनगणना में जाति गणना भी शामिल होगी। इस जनगणना से भारत में गरीबी, शिक्षा, लोगों की आय, लिंगानुपात, जाति, पंथ, अमीरी-गरीबी, युवा-बुजुर्ग इत्यादि की तस्वीर साफ होगी। अभी हम युवा देश हैं, परंतु हाल में देश में लिंगानुपात से संबंधित जो रपटें आई हैं, उनमें देश में वृद्धजनों की बढ़ती आबादी का आकलन किया गया है। इस पर ध्यान दिया जाना चाहिए। पहली रिपोर्ट प्लेसेस नामक जर्नल में प्रकाशित हुई है। इसके आंकड़े बताते हैं कि आज भारत का हर चौथा-पांचवां बुजुर्ग स्मृति लोप, भाषा का ठीक से प्रयोग न करने, सोचने-समझने एवं निर्णय लेने की क्षमता के कमजोर हो जाने जैसी समस्याओं से जूझ रहा है।

दूसरी रिपोर्ट भारतीय स्टेट बैंक ने जारी की है। इसके अनुसार भारत की कामकाजी आबादी की औसत आयु 2021 में 24 वर्ष के मुकाबले साल 2026 में बढ़कर 28-29 वर्ष हो जाएगी। आज चीन की कामकाजी औसत आयु 39.5 साल है। वहीं यूरोप में यह 42 साल, उत्तरी अमेरिका में 38 एवं एशिया में 32 साल है। वैश्विक स्तर पर यह औसत आयु 30.4 वर्ष दर्ज की गई है।

एसबीआइ की रिपोर्ट संकेत देती है कि भारत में शून्य से चौदह साल के बच्चों की आबादी में गिरावट आ रही है। 1991 में इनकी जो आबादी 36.4 करोड़ थी, वह 2026 में घटकर 34 करोड़ रहने वाली है। आबादी में 1991 में इनकी जो हिस्सेदारी 37 प्रतिशत थी, वह वर्ष 2026 में घटकर 24.3 प्रतिशत रह जाएगी। इस प्रकार 60 साल से अधिक उम्र के लोगों की आबादी विगत ढाई दशक में बढ़कर दोगुनी हो गई है। इसका अर्थ है कि 2001 में बुजुर्गों की जो आबादी 7.9 करोड़ थी, वह साल 2026 में बढ़कर 15 करोड़ के आसपास पहुंच जाएगी।

इनमें 7.7 करोड़ पुरुष तथा 7.3 करोड़ महिलाएं होंगी। इसी तरह वर्ष 2001 में देश में जो कामकाजी आबादी 58.6 करोड़ थी, 2026 में इसके बढ़कर 91 करोड़ होने का अनुमान है। माना जा रहा है कि अगली जनगणना में देश की कुल आबादी में 67 प्रतिशत हिस्सेदारी कामकाजी लोगों की होगी। इसी संदर्भ में तीसरी रिपोर्ट केंद्र सरकार के सांख्यिकी मंत्रालय ने प्रकाशित की है। यह बताती है कि देश में 2036 तक बच्चों एवं किशोरों की आबादी में गिरावट दर्ज होगी और बुजुर्गों एवं मध्यम उम्र के लोगों की संख्या बढ़ेगी। इस रिपोर्ट के अनुसार 2021 में आबादी में 15 वर्ष से कम उम्र के बच्चों की हिस्सेदारी 26.2 प्रतिशत थी, लेकिन 2026 में यह घटकर 20.6 प्रतिशत रह जाएगी। 2021 में 35-49 आयुवर्ग के लोगों की आबादी में हिस्सेदारी 19.1 प्रतिशत थी, परंतु 2026 में इस आयुवर्ग का प्रतिशत बढ़कर 23 प्रतिशत हो जाएगा।वर्तमान में देश की आबादी में 60 वर्ष से अधिक आयुवर्ग के लोगों का प्रतिशत 9.5 है। 2036 में ऐसे लोगों की आबादी बढ़कर 13.9 प्रतिशत हो जाएगी। चौथी रिपोर्ट संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) की है। इसमें कहा गया है कि अगले 25 वर्षों में भारत की आबादी में 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों की हिस्सेदारी 20.8 प्रतिशत तक पहुंच जाएगी। अर्थात देश में हर पांचवां व्यक्ति बुजुर्ग की श्रेणी में होगा। 2024-2050 के बीच देश की कुल आबादी 18 प्रतिशत ही बढ़ेगी, मगर वृद्ध जनसंख्या में 134 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी होगी। इस रिपोर्ट के अनुसार 2022-2023 तक भारत में बुजुर्गों की आबादी 14.9 करोड़ थी। यानी कुल आबादी में इनका हिस्सा 10.5 प्रतिशत था। इस तरह देश में 100 कामकाजी लोगों पर 16 वृद्धजन निर्भर हैं।

# अतीत में अनेक चुनाव धांधली से जीते

**अवधेश कुमार**

एक दृश्य की कल्पना करिये। अगर भारत की छवि ऐसी बन जाए कि यहां सरकार संविधान को ताक पर रख अपने अनुसार चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति करती है, आयोग फर्जी तरीके से मतदाता सूची बनाता है, मतदान के आंकड़े गलत जारी करता है तथा सरकार के पक्ष में मतदान परिणाम लाता है तो क्या होगा ? यानी पूरी सरकार अनैतिक है जो धांधली के आधार पर संवैधानिक शक्तियों और संस्थाओं का दुरुपयोग करते हुए सत्ता में बनी हुई है। एक देश के रूप में भारत की साख को नष्ट करने का इससे गंदा अभियान कुछ नहीं हो सकता। लोक सभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और अनेक नेता, एक्टिविस्ट मीडिया के कुछ चेहरे लंबे समय से यही अभियान चला रहे हैं। इसके साथ न्यायपालिका सहित अन्य संवैधानिक संस्थाओं को भी इसी तरह संदिग्ध बनाने की रणनीति साफ दिखाई देती है। इन सबके लिए सुविधाओं के अनुसार एकपक्षीय तथ्य और आंकड़े दिए जाते हैं। राहुल गांधी ने 2024 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को लोकतंत्र में धांधली का ब्लूप्रिंट बताते हुए लिखा है कि यह मैच फिक्सिंग अब बिहार में भी दोहराई जाएगी और फिर उन जगहों पर भी ऐसा ही किया जाएगा, जहां-जहां भारतीय भाजपा हार रही होगी।`अगर आपके पास छिपाने के लिए कुछ नहीं है तो मेरे लेख में दिए गए सवालों के जवाब दें और इसे साबित करें ।



महाराष्ट्र समेत सभी राज्यों के लोक सभा और विधानसभाओं के हाल में हुए चुनाव के लिए समेकित, डिजिटल, मशीन-पठनीय मतदाता सूची प्रकाशित करें और महाराष्ट्र के मतदान केंद्रों से शाम पांच बजे के बाद की सभी सीसीटीवी फुटेज जारी करें। पहली बार पढ़ने पर अवश्य इसमें सनसनाहट पैदा होती है। किंतु चुनाव प्रक्रिया में निचले स्तर भी जुड़ी राजनीति के साधारण व्यक्ति के गले कोई बात नहीं उतरेगी। वैसे ये आरोप नये नहीं हैं। पिछले वर्ष भी चुनाव आयोग ने ऐसे आरोपों का उत्तर दिया था। जिन्हें तथ्यों से कोई लेना-देना नहीं और संपूर्ण भारत की सत्ता को फासिस्ट, अनैतिक और सारी लोकतांत्रिक संस्थाओं का दमन कर कब्जा करने वाला साबित कर विश्व भर में बदनाम करने का जिनका सपना हो वे ऐसे ही खंडित हो चुके आरोपों को बार-बार दोहराएंगे। निर्वाचन आयोग ने छह राष्ट्रीय पार्टियों से बातचीत के लिए अलग-अलग आमंत्रित किया था।

कांग्रेस को छोड़कर शेष सभी चुनाव अधिकारियों से मिले, अपना पक्ष रखा तथा उत्तर सुना। केवल कांग्रेस ने चुनाव आयोग द्वारा 15 मई को प्रस्तावित बैठक में भाग नहीं लिया था। चुनाव आयोग शायद फिर देश के सामने तथ्य रखे। मीडिया में आयोग के हवाले से जो वक्तव्य आया है उसमें कहां गया है कि किसी के द्वारा प्रसारित कोई भी गलत सूचना चुनाव के दौरान राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त हजारों प्रतिनिधियों की बदनामी तथा चुनाव कर्मचारियों का मनोबल तोड़ने वाला होता है, जो इस बड़ी कवायद के लिए अथक परिश्रम करते हैं। यह सही है कि देश में चुनावी प्रक्रिया में जितनी संख्या में सरकारी कर्मचारी, गैर सरकारी संस्थाएं, राजनीतिक दल , पत्रकार, आम लोग लगते हैं ऐसे बयान उन सबके परिश्रम को निष्फल करने वाला तथा उनके अंदर गुस्सा और निराशा पैदा करना है।

चुनाव आयुक्तों की नियुक्तियों पर ही एकपक्षीय अभियान चल रहा है। स्वतंत्रता के बाद से केंद्र सरकार चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति करती रही है। इसके विपरीत राहुल और विरोधी ऐसी छवि बना रहे हैं मानो पहले नियुक्ति दूसरे तरीके से होती थी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार ने उसे पलट दिया है। सच यह है कि इसमें विपक्ष के नेता का प्रावधान डालकर ज्यादा विमर्शमूलक बनाया गया है। 25 चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति केंद्र सरकार द्वारा हुई। राजनीति में रहते हुए राजनीतिक सत्ता को ही अविसनीय बना देना किस तरह की लोकतांत्रिक सोच का परिचायक है? अब आएं महाराष्ट्र चुनाव संबंधी अन्य आरोपों पर। राहुल आरोप लगा रहे हैं कि मतदाताओं की संख्या वृद्धि असामान्य है। बोगस मतदाता शब्द प्रयोग उन्होंने इस आधार पर किया कि 5 वर्षों में 31 लाख मतदाता तथा केवल अंतिम पांच महीना में 41 लाख मतदाता बढ़ गए। बढ़े हुए 40 लाख 81 हजार 229 मतदाताओं में से 26 लाख 46 हजार 608 युवा मतदाता थे। पुराने आंकड़े देखिए। 2014 से 2019 के बीच 63 लाख नये मतदाता जुड़े जबकि 2009 से 2014 के बीच 75 लाख तथा 2004 से 2009 के बीच एक करोड़ नये मतदाता बने थे।

अब इससे तुलना करिए। क्या लगता है कि 2024 में ऐसा असामान्य हो गया या बोगस मतदाता आ गए जैसा राहुल बता रहे हैं? लोक सभा और विधानसभा चुनाव के बीच मतदाता वृद्धि का आंकड़ा भी यही बताता है। 2024 विधानसभा में लोक सभा की तुलना में 5 प्रतिशत अधिक मतदाता थे तो 2009 में 4 प्रतिशत, 2014 में 3 प्रतिशत, 2019 में एक प्रतिशत और 2024 में 4 प्रतिशत अधिक मतदाता थे। इसलिए यह कहना कि 2024 महाराष्ट्र चुनाव में असामान्य हो गया तथ्यों के आधार पर हास्यास्पद लगता है। अंतिम घंटे में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के आरोप की सच्चाई जानने के लिए प्रति घंटे मतदान का औसत निकालिए। हर घंटे औसत 5.83 प्रतिशत मतदान हुआ। वे पूछ रहे हैं कि अंतिम एक घंटे में 7.8 प्रतिशत की वृद्धि कैसे हो गई? 5 बजे से 6 बजे के बीच की बात करने वालों को समझना चाहिए कि जो मतदाता 6 बजे तक मतदान केंद्र पर पहुंच जाते हैं देर होने पर भी वह मतदान करते हैं। मतदान प्रतिशत भी 5 से 6 बजे के बीच का ही अंकित होगा, किंतु हो सकता है 7 बजे 8 बजे तक मतदान हुआ हो।

यह महाराष्ट्र तक सीमित भी नहीं है। आप 2024 के लोक सभा चुनाव के कुछ आंकड़े देखिए। उदाहरण के लिए दूसरे चरण में शाम 5 बजे तक मतदान प्रतिशत 60.96 था। अगले दिन आंकड़ा 66.71 प्रतिशत आया। इस तरह वृद्धि 5.75 प्रतिशत की थी, लेकिन महाराष्ट्र में उस चुनाव में कांग्रेस और महा विकास अगाड़ी की विजय हुई थी। राहुल और विरोधी उसका उल्लेख नहीं करते। आप स्वतंत्रता के बाद से किसी भी चुनाव के आंकड़ों को देखेंगे तो सबमें इस तरह कुछ चुनिंदा आंकड़ों के विश्लेषण से विसंगति धांधली दिखाई पड़ेंगे। दूसरे तथ्य सामने आते ही आशंकाएं ध्वस्त हो जाएंगी। ऐसा नहीं है कि चुनाव में धांधली नहीं हुई। अतीत में अनेक चुनाव धांधली से जीते गए। यह सब कांग्रेस के राज में हुआ। यह खतरनाक प्रवृत्ति है। इसको हर हाल में परास्त करना होगा।

## विचार सरिता

# जीवन सूत्रः परिणाम आगे चाहे जो हो, सब स्वीकार करने की मानसिकता रखें

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



मनुष्य योजना बनाकर कार्य करे, यह तो सही है क्योंकि किसी कार्य को प्रारंभ करने के समय उसे यह सुनिश्चित कर लेना बहुत आवश्यक है कि इसे पूरा करने के लिए उसके पास पर्याप्त संसाधन और कार्य क्षमता है कि नहीं। कुछ ऐसे भी कार्य होते हैं जिसके लिए संसाधन और कार्य क्षमता के साथ-साथ साहस की भी आवश्यकता होती है और वास्तव में ऐसे कार्य ही मनुष्य को भविष्य में बड़ी सफलता दिलाने में सक्षम होते हैं। कुल मिलाकर यह एक ऐसी स्थिति होती है, जब व्यक्ति जोखिम लेने को तैयार होता है।

अगर मनुष्य ऐसी स्थिति में है तो उसकी योजना का स्वरूप बदल जाता है। वह बिना किसी लागत हानि के और संसाधनों का अतिरिक्त अपव्यय किए कार्य को अपने प्रयास में सटीकता और कसावट लाते हुए पूरा करता है। यह ऐसी स्थिति होती है जब मनुष्य को लाभ हानि और जय पराजय जैसे द्वंद्वों से ऊपर उठकर काम करना होता है अर्थात पूरा प्रयास करने के बाद भी सफलता मिल जाए तो अच्छा है और अगर सफलता नहीं मिल पाए तो अगले प्रयास के लिए उसके पास एक मजबूत बुनियाद तैयार होती है जिस पर वह कदम आगे बढ़ा सकता है। अतः खोना किसी भी स्थिति में नहीं है।

वास्तव में हमारे जीवन में निर्भीकता और साहस आने के लिए यह बहुत आवश्यक है कि हम कर्म पथ में प्राप्त होने वाले सभी परिणामों में सम रहें।भावी परिणाम को लेकर चिंतित रहने, इसके आशा के अनुकूल नहीं आने की आशंका, स्वयं का कार्य सिद्ध होने में अनावश्यक व्यवधान या फिर अपने सीधे सहज जीवन पथ को कठिनाइयों से बचाने की मनोवृत्ति के कारण हम जीवन में अनेक अवसरों पर भय ग्रस्त हो जाते हैंइसी कारण हम किसी अनावश्यक दबाव के आगे भी झुक जाते हैं। कार्य में असफल हो जाएं तो टूटें नहीं, बल्कि मजबूती से कर्तव्य पथ पर जम रहें। आगे सफलता आपका इंतजार कर रही है।

स्रोत श्लोक; - भगवान श्री कृष्ण ने गीता में अर्जुन से कहा हैः-

सुखदुःखे समे कृत्वा लाभालाभौ जयाजयौ।
ततो युद्धाय युज्यस्व नैवं पापमवाप्स्यसि। (2/38)।

इसका अर्थ है-जय-पराजय, लाभ-हानि और सुख-दुःख को समान समझकर उसके बाद युद्ध के लिए तैयार हो जा। इस प्रकार युद्ध करने से तू पाप को प्राप्त नहीं होगा।

## योग भारत की अतीत से वर्तमान विश्व की यात्रा - विजय मानिकपुरी



राजनांदगांव (दावा)। योग भारत की अतीत से वर्तमान विश्व की यात्रा योग एक प्राचीन भारतीय जीवन पद्धति है। जिसका उद्देश्य शरीर, मन और आत्मा का संतुलन और शुद्धिकरण है। 'योग' शब्द संस्कृत की धातु 'यु' से बना है। जिसका अर्थ है 'जोड़ना' आत्मा का परमात्मा से जुड़ाव है। योग का अर्थ है जुड़ना, संयम, एकता। यह शरीर, मन और आत्मा के संतुलन की प्रक्रिया है। योग का जन्म स्थानः जनश्रुति के अनुसार शिव को योग का संस्थापक माना गया है। भारत को योग की जन्मभूमि माना जाता है। योग का उल्लेख सबसे पहले ऋग्वेद और उपनिषदों में मिलता है। योग सूत्र के रचयिताः महर्षि पतंजलि ने योग को एक व्यवस्थित रूप दिया। उनकी रचना 'योगसूत्र' योग दर्शन का आधार ग्रंथ है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को हर वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। यह दिवस संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा 2014 में घोषित किया गया। इसका प्रस्ताव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रखा था।

इस वर्ष योग दिवस की थीम एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग-योग का सबसे प्रसिद्ध ग्रंथः पतंजलि का योगसूत्र - कुल 195 सूत्र हैं। योग के 8 अंग (अष्टांग): यम, सामाजिक अनुशासन – दूसरों से कैसा व्यवहार करें। अहिंसा (हिंसा न करना), सत्य (सच्चाई), अस्तेय (चोरी न करना), ब्रह्मचर्य (इंद्रिय संयम), अपरिग्रह (लोभ न करना) नियम, व्यक्तिगत अनुशासन – स्वयं के लिए नियम। शौच (शुद्धता) संतोष (संतुष्टि) तप (संयम) स्वाध्याय (धार्मिक अध्ययन) ईश्वर प्रपत्ति (ईश्वर में समर्पण) आसन (Asana) -शारीरिक स्थिति - ध्यान के लिए स्थिर और सुखद मुद्रा। प्राणायाम- श्वास पर नियंत्रण- प्राण (जीवन ऊर्जा) को नियंत्रित करना। प्रत्याहार- इंद्रियों को बाहरी विषयों से हटाकर भीतर की ओर लगाना। धारणा- एक विषय पर मन को एकाग्र करना - जैसे किसी मंत्र या बिंदु पर। ध्यान- लगातार और गहरा ध्यान - बिना भटके। समाधि-आत्मा और परमात्मा का मिलन-अंतिम स्थिति। योग की प्राचीनता-योग हजारों वर्षों पुराना एक प्राचीन भारतीय ज्ञान है, जिसकी उत्पत्ति लगभग 5000 वर्ष पूर्व मानी जाती है।

**सिंधु घाटी सभ्यता के प्रमाण :** वेदों और उपनिषदों में योगः ऋग्वेद, यजुर्वेद, उपनिषदों में योग की विधियों और ध्यान का उल्लेख है। विशेषकर कंठ उपनिषद में आत्मा और परमात्मा के योग की चर्चा है। भगवद गीता (3000+वर्ष पुरानी) भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को कर्म योग, ज्ञान योग, और भक्ति योग का उपदेश दिया। महर्षि पतंजलि (लगभग 200 ई.पू.) इन्होंने योगसूत्र के माध्यम से योग को एक व्यवस्थित दर्शन का रूप दिया। इसे राज योग का आधार माना जाता है। योग कम से कम पांच साल पुराना है, और समय के साथ यह वेद, उपनिषद, गीता और महर्षि पतंजलि जैसे महान ग्रंथों व आचार्यों के माध्यम से है। योग के लाभ तन और मन को शांति देता है। तनाव और चिंता को कम करता है। शरीर को लचीला, मजबूत और ऊर्जावान बनाता है। रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाता है। नींद बेहतर होती है। आत्मिक विकास में मदद करता है। हमारा संस्कृति और परंपरा स्वास्थ्य से परिपूर्ण है।

## सामयिक चर्चा

# मकान, घर हो जाए!

बानी बोले ''गजाधर!
आज बात करते है राहुल गांधी पर-
कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने
गुरूवार 19 जून 2025
को अपना पचपनवाँ जन्मदिन मनाया।
इस दौरान उन्होंने दिल्ली के
सुनहरी बाग रोड स्थित
टाइप आठ सरकारी बंगले को
अपना नया ठिकाना बनाया।
यह मकान उन्हें लोकसभा में
नेता प्रतिपक्ष बनने के बाद
आबांटित हुआ है।
तो यह मकान उन्हें खूब फले
ऐसी हमारी भगवान से दुआ है।
गजाधर! हम तो आपको
गुरू ही नहीं, ज्योतिषी भी मानते हैं
तो आप आज क्या 'शुभ वचन'
कहना चाहते हैं?''
गजाधर मुस्कराए, बोले - बानी!
हमारी तो यही इच्छा है
कि अब इस पचपनवें साल में
राहुल भैया की शादी हो जाए,
सर्वगुण संपन्न गृहणी आ जाए
तो फिर उनका यह मकान,
मकान नहीं,'घर' हो जाए!''




गिरीश बख्शी

## भाषा ज्ञान बढ़ाइए-5

# क्या है -'मेडे-मेडे'...!

एयर इंडिया के विमान ए-1/171 के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद एक नया शब्द-'मेडे-मेडे' प्रचलन में आया है। उल्लेखनीय है कि विगत 12 जून 2025 को अहमदाबाद के अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डा सरदार वल्लभ भाई पटेल से उड़ान भरने के बाद विमान जैसे ही पायलट के नियंत्रण से बाहर हुआ तो उन्होंने ने मेडे-मेडे शब्द का उच्चारण किया। उसके बाद तुरंत विमान स्थानीय मेघानीनगर मेडिकल छात्रावास पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमानन क्षेत्र में 'मेडे-मेडे' एक आपातकालीन संकेतक शब्द है। इसका प्रयोग विमान चालक तब करता है, जब वह अत्यंत संकटकालीन स्थिति में पहुंचता है और उसे कंट्रोल रूम से मदद की आवश्यकता होती है।

'मेडे'शब्द फ्रांसीसी भाषा के 'Maider' शब्द का व्युत्पन्न रुप है। जिसका अर्थ है मेरी सहायता कीजिए। उड़ान के दौरान जब पायलट को ऐसा लगता है कि विमान दुर्घटनाग्रस्त होने की स्थिति में है, तब वह इस शब्द संकेत का प्रयोग कर कंट्रोल रूम से निर्देश और मदद मांगता है। ऐसी स्थिति में पायलट को किसी जलाशय या कम-से-कम क्षति होने वाली जगह पर लैंड करने का परामर्श दिया जाता है। ध्यान देने की बात है कि विमान चालन बहुत ही साहस और व्युत्पन्नमतित्व वाले व्यक्ति का जोखिम भरा काम है। इसमें तत्काल निर्णय लेना होता है। इस विमान दुर्घटना में पायलट के पास निर्णय लेने के लिए एक मिनट से भी कम का समय था, इसलिए उनका 'मेडियर' अथवा 'मेडे' नहीं हो सका। इस दुर्घटना में दिवंगत सभी की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना कर रहा हूं।



(डॉ. शंकर मुनि राय)
विभागाध्यक्ष-हिंदी
शासकीय दिग्विजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव

## कविता

# नमन

लहू लुहान होकर भी नमन जज्बा को,
वो अश्क़ नहीं बता सकते उसके पीर को।
देश भक्त है देश भक्ति का सुरूर है,
उसका कतरा कतरा समर्पित देश को।
कभी अंग भंग भी हो जाये उसका,
फिर भी समर्पित उसका देह जंग को।
उसका जीना, त्याग है देश के लिए,
शत शत नमन करते उसकी माँ को।



गजेंद्र बख्शी
रिद्धि सिद्धि , कालोनी राजनांदगांव

## राशिफल

**मेष** — आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आपको अपने पद और आय को एक समान बढ़ाने के अवसर प्राप्त होंगे। जीवन में खुशियों की प्राप्ति होगी। आज विद्यार्थियों को अपनी मेहनत के अनुकूल परिणाम न मिलने से कुछ उदासी रहेगी, परंतु हिम्मत न हारें और प्रयासरत रहें। विरोधी पक्ष आपके लिए कोई परेशानी खड़ी कर सकता है, चौकन्ना रहना भी जरूरी है। अपने खर्चों को कम करके आर्थिक समस्या से बच सकते हैं।

**वृष राशि** — आज आपके दिन की शुरुआत थोड़ा कमजोर रहेगी, लेकिन बाद में अच्छा लाभ मिलने से उनकी ख़ुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। अगर घर में सुधार संबंधी कोई गतिविधि चल रही है, तो अपने सामर्थ्य के अंदर ही खर्च करेंगे। आपका किसी नए वाहन को खरीदने का सपना आज पूरा होगा। आप आज किसी से अपने मन की बातों को शेयर करेंगे और वह आपकी बातों की अहमियत देगा। संतान की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

**मिथुन** — आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। ऑफिस के काम में आज आपके सामने कई चुनौतियां भी आएंगी। धैर्य से निर्णय लेने पर सफलता के आसार खुलेंगे। आज अपने कार्यों में सफलता पाने के लिए थोड़ा स्वार्थी होना पड़ सकता हैं। आज बेवजह बाहरी गतिविधियों में समय बिताने से खर्च बढ़ेगा। अपने महत्वपूर्ण कार्यों में किसी जानकर व्यक्ति की सलाह अवश्य लें, ऐसा करना आपके लिए बहुत अधिक लाभदायक रहेगा।

**कर्क** — आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज किसी से बातचीत करते समय आपको थोड़ी सावधानी बरतने की जरूरत है। आज सकारात्मक दिनचर्या रहेगी। आपकी बहुत सी परेशानियों का हल निकलेगा। किसी नजदीकी मित्र या रिश्तेदार के साथ संबंधों में मधुरता आएगी। आप अपने आपको बेहतर महसूस करेंगे। आज घर से संबंधित गतिविधियों पर आपको सहयोग देना होगा। इससे परिवार काफी हद तक सुरक्षित महसूस करेगा।

**सिंह** — आज का दिन आपके लिए मिला ङ्क जुला रहने वाला है। आज आप शॉपिंग करने जा सकते हैं। आपकी व्यापारिक योजनायें सफल होंगी। आज किसी धार्मिक स्थल पर जाने से आपको सुकून मिलेगा और दोबारा से अपने आपको तरोताजा महसूस करेंगे। अपनी ऊर्जा का भरपूर उपयोग करें। आज उधार दिया हुआ या फंसा हुआ पैसा वापस मिलने की उचित संभावना है। आज आपको रोजगार के नए अवसर मिलेंगे।

**कन्या** — आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। छात्रों को प्रतियोगी परीक्षा में सफलता हासिल होगी। समाज में आज आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। आज कारोबार में लोगों के अनुभव को आत्मसात करना तरक्की में सहायक रहेगा। प्रॉपर्टी संबंधित व्यवसाय में सकारात्मक परिणाम मिलेंगे। इससे आर्थिक स्थिति मजबूत हो जाएगी। आप जल्द चुका भी देंगे। ऑफिस में पदोन्नति के साथ-साथ इन्क्रीमेंट मिलने से आप काफी उत्साहित होंगे।

**तुला** — आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज व्यवसाय में वर्तमान में जैसा चल रहा है, उसी पर अपना ध्यान केंद्रित रखें। किसी भी नए काम को शुरू करने के लिए समय अनुकूल नहीं है। अगर कहीं निवेश करने का प्लान कर रहे हैं तो उचित रहेगा। दूरदराज क्षेत्रों से व्यवसायिक संपर्क बनेंगे। परिवार में सभी आपके व्यवहार से खुश रहेंगे। स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही न करें, मॉर्निंग एक्सरसाइज की रूटीन अपनाएं, आपको लाभ जरुर मिलेगा।

**वृश्चिक** — आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज शाम को किसी मित्र की बर्थडे पार्टी में जायेंगे जहां आपके अन्य दोस्त भी होंगे। आज घर के वरिष्ठ लोगों का मान-सम्मान बनाए रखेंगे। बच्चों पर बहुत अधिक अंकुश न लगाएं, उनके साथ मित्रवत व्यवहार करना उचित होगा। अचानक ही किसी मेहमान के घर आने से आपकी दिनचर्या अस्त-व्यस्त भी हो जाएगी। इस राशि के जो लोग बड़ी कंपनियों में काम करते हैं।

**धनु** — आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। जिंदगी का एक बड़ा सबक इस बात को मान लेना है, कि बहुत सी चीजें समय के साथ बदलती है। आज व्यस्त और लाभकारी दिन है। प्रयास करने पर आपका कोई विशेष उद्देश्य पूरा हो सकता है। आज एनीमेशन डिजाइनर जॉब के लिए अप्लाई कर सकते हैं। जिंदगी में चल रही भागदौड़ के बीच आज आपको अपने लिए पर्याप्त समय मिलेगा और आप अपने मन पसंदीदा कामों को कर पाने में कामयाब होंगे।

**मकर** — आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। बिना किसी अनुभवी शख्स की सलाह के आज ऐसा कोई भी काम ना करें, जिसमें आपको कॉन्फिडेंस न हो। आज अपने स्वभाव में ठहराव और सहजता लाएं। जल्दबाजी में सलिए गए फैसले बदलने पड़ सकते हैं। अन्य गतिविधियों में व्यस्तता की वजह से अपने निजी कार्यों पर ध्यान नहीं दे पाएंगे। आप ऑफिस से घर वापस आकर अपना पसंदीदा काम कर सकते हैं।

**कुंभ** — आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज का दिन तरक्की के नए नये मार्ग खोलेगा। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई पर पूरा फोकस बनाए रखें, जल्द ही आपको परीक्षा में सफलता हासिल होगी। आज पुरानी बातें वर्तमान पर हावी न होने दें, क्योंकि इससे फायदा नहीं होगा, बल्कि संबंधों में दूरियां बढ़ सकती हैं। अपनी सोच सकारात्मक रखें। आज आर्थिक मामलों पर विशेष ध्यान देंगे। प्राइवेट जॉब में कार्यरत लोगों को आज प्रमोशन मिल सकता है।

**मीन** — आज का दिन जीवन में एक नई दिशा लेकर आएगा। आप ऐसे लोगों से मिलेंगे, जो भविष्य में आपकी मदद करेंगे। आज अपने नजदीकी मित्रों और संपर्क सूत्रों के साथ रिश्तों को और अधिक बेहतर बनाने की कोशिश करेंगे। आज पति-प प्रतिशती के बीच उचित तालमेल रहेगा। मित्रों के साथ गेट-टुगेदर और मेल-मिलाप संबंधी प्रोग्राम बनेंगे। अपने काम को कंसन्ट्रेट होकर करें जिससे आपको जल्द ही सफलता मिलेगी।

# हाईटेक डकैती: चाकू की नोक पर ऑनलाइन ट्रांजैक्शन कर लूटे गए 1 लाख 5 हज़ार रुपए, युवकों को अगवा कर की गई वारदात

## पुलिस जांच में जुटी, शीघ्र ही आरोपियों को पकड़ने का दावा

डोंगरगढ़(दावा)। शहर में आपराधिक वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा मामला डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र का है, जहां कुछ अज्ञात बदमाशों ने हाईटेक अंदाज़ में एक बड़ी लूट की वारदात को अंजाम दिया। आरोपियों ने चाकू की नोक पर न केवल युवकों को अगवा किया, बल्कि उनसे ऑनलाइन ट्रांजैक्शन के जरिए लाखों रुपए भी लूट लिए।




प्राप्त जानकारी के अनुसार, डोंगरगढ़ के कालका पारा निवासी असगर खान अपने एक साथी युवक के साथ रात के समय ग्राम करवारी की ओर से लौट रहा था। इसी दौरान कुछ बदमाशों ने उन्हें रास्ते में घेर लिया और चाकू की नोक पर उनका अपहरण कर सुनसान इलाके में ले गए। आरोपियों ने मोबाइल फोन छीनकर असगर खान के फोन पे वॉलेट से जबरन 1 लाख 5 हज़ार रुपए अपने अकाउंट में ट्रांसफर करवा लिए। बताया जा रहा है कि इस दौरान आरोपियों ने युवकों के साथ मारपीट की कोशिश भी की, लेकिन मौका पाकर दोनों युवक अपनी जान बचाकर वहां से भाग निकले और सीधे डोंगरगढ़ थाने पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज कराई।

### पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना में लिया

फिलहाल डोंगरगढ़ पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और साइबर सेल की मदद से ट्रांजैक्शन डिटेल्स भी खंगाली जा रही हैं, ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके। इस वारदात ने न सिर्फ शहर की कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं, बल्कि यह भी साबित कर दिया है कि अपराधी अब डिजिटल तरीकों से भी लूट को अंजाम दे रहे हैं। पुलिस ने जल्द ही आरोपियों को पकड़ने का भरोसा दिलाया है।

### शीघ्र ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा- थाना प्रभारी

डोंगरगढ़ थाना प्रभारी जितेन्द्र वर्मा ने बताया कि प्रारंभिक जांच में कुछ सुराग मिले हैं और बहुत जल्द आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# बोरतलाव में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया



डोंगरगढ़(दावा)। दिनांक 19 जून को शास. उच्च. माध्य. विद्यालय बोरतलाव में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती अनिता मंडावी, विशिष्ट अतिथि श्रीमती सरिता मंडावी, जनपद पंचायत सदस्य, ग्राम बोरतलाव के सरपंच कैलाश उके, संस्था की प्राचार्य श्रीमती वन्दना चौरे, समस्त शिक्षकगण, पालकगण एवं अध्ययनरत छात्र छात्राएं उपस्थित हुए। आमंत्रित अतिथियों के द्वारा माँ सरस्वती के तैल चित्र की पूजा अर्चना कर आज के कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात शाला के नवप्रवेशी छात्रों के हस्त चिन्ह लेकर, मिष्ठान्न खिलाकर उनका अभिनंदन किया गया और अतिथियों के कर कमलों से पाठ्य पुस्तक और गणवेश वितरित किया गया।

# सांसद संतोष पाण्डेय के मुख्य आतिथ्य में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिला स्तरीय सामूहिक योग कार्यक्रम का होगा आयोजन



खैरागढ़ (दावा)। 'योगा संगम' एवं 'हरित योग' की थीम पर 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिले में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय सामूहिक योग कार्यक्रम में सांसद संतोष पाण्डेय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। 21 जून 2025 को इंटरनेशनल डे ऑफ योग 2025 के अवसर पर जिला के हर शहर और हर गांव तक योग संदेश को प्रोत्साहित करने के लिए जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट कन्या शाला खैरागढ़ में आयुष मंत्रालय द्वारा जारी प्रोटोकॉल अनुसार सुबह 7 बजे से आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कार्यक्रम के गरिमामय आयोजन एवं सुचारू संचालन के लिए संबंधित विभागों को दायित्व सौंपकर सुव्यवस्थित आयोजन के निर्देश दिए है।

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल द्वारा जारी आदेश के तहत पुलिस विभाग को आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था, राजस्व विभाग को कानून व्यवस्था, संपूर्ण तैयारी तथा जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति सुनिश्चित करना, लोक निर्माण विभाग को मंच निर्माण, ग्रीन मेट, कारपेट, सफेद चादर एवं गद्दे इत्यादि की व्यवस्था, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को विशेष अतिथियों के लिए ड्राई फ्रूट्स एवं पेयजल की व्यवस्था, जिला खाद्य अधिकारी को स्वल्पाहार की व्यवस्था, लोक निर्माण विभाग (इ.एण्ड एम.) को साउण्ड सिस्टम, आवश्यक इलेक्ट्रानिक व्यवस्था, स्वास्थ्य विभाग को मेडिकल टीम, एम्बुलेंस, प्राथमिक चिकित्सा व्यवस्था, शिक्षा विभाग को विद्यालयों/ महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र छात्राओं की उपस्थिति सुनिश्चितता, नगर पालिका परिषद खैरागढ़ एवं जनपद पंचायत खैरागढ़ को कार्यक्रम स्थल की साफ सफाई एवं पीने के पानी एवं टैंकर व्यवस्था, खेल एवं युवा कल्याण विभाग को खेल संगठन, एनएसएस एनसीसी की छात्र-छात्राओं उपस्थिति सुनिश्चित करना, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग को विद्यालयों/महाविद्यालय में अध्ययन छात्र-छात्राओं को शिविर में उपस्थित करना, जनसम्पर्क विभाग को कार्यक्रम का प्रचार-प्रसार, फोटो एवं वीडियोग्राफी, आयुष विभाग को जलपान, काढा, औषधि आदि का स्टाल, उद्यानिकी विभाग को फूलमाला, गुलदस्ता, समाज कल्याण विभाग को योग प्रशिक्षकों की व्यवस्था करना एवं कार्यक्रम स्थल हेतु बैनर तैयार करना इत्यादि का दायित्व सौंपा गया है।

# पहला कॉलम...

## आज गुरु खुशवंत साहेब की मुख्य आतिथ्य में होगा योग कार्यक्रम

मोहला (दावा)। जिला मुख्यालय मोहला में पुलिस परेड ग्राउंड माडिंग-पिडिंग में जिला स्तरीय योगा कार्यक्रम आयोजित किया गया है। विधायक आरंग एवं उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण गुरु खुशवंत साहेब की मुख्य आतिथ्य में 21 जून को जिला स्तरीय योगा कार्यक्रम आयोजित होगा। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार गुरु खुशवंत साहेब 21 जून को सुबह 6:30 बजे विश्राम गृह मानपुर से कार्यक्रम स्थल पुलिस परेड ग्राउंड माडिंग-पिडिंग मोहला प्रस्थान करेंगे। कार्यक्रम पश्चात वे सुबह 9 बजे फॉरेस्ट रेस्ट हाउस मोहला से रायपुर निवास के लिए रवाना होंगे।

## कलेक्टर सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे एवं नगर अध्यक्ष अजय पटेल ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का किया शुभारंभ



छुरिया (दावा)। कलेक्टर सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे एवं नगर अध्यक्ष अजय पटेल ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत नगर पंचायत छुरिया परिसर में वृक्षारोपण किया। नगर अध्यक्ष श्री पटेल ने कहा कि यह अभियान पर्यावरण की दृष्टि से महत्वपूर्ण है और मातृत्व के प्रति सम्मान और आभार प्रकट करने का सुंदर तरीका भी है। पर्यावरण एवं धरती को बचाने के लिए पेड़ पौधे लगाना आवश्यक है। सभी नागरिकों को प्रकृति के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए आगे आना चाहिए तथा हर एक व्यक्ति को वर्ष में एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। पर्यावरण को बचाना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। अगर पर्यावरण सुरक्षित एवं संरक्षित रहेगा तो हम सभी का जीवन भी सुरक्षित रहेगा, पौधे जरूर लगाएं।

नगर अध्यक्ष अजय पटेल ने कलेक्टर राजनांदगांव के समक्ष शहर के विकास कार्यों को लेकर अपनी बातें कहीं। इस दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा निकाय में चल रहे निर्माण कार्य एवं अमृत मिशन 2.0 योजना की प्रगति की जानकारी दी गई। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी श्रीकांत कोर्राम, नगर पंचायत उपाध्यक्ष भूषण नेताम, मुख्य नगर पालिका अधिकारी लाल अजय बहादुर, उपअभियंता अजय प्रधान सहित निकाय के सर्व विभागों के विभागीय अधिकारी/कर्मचारी, जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## मुक्तिधाम में सफाई कर 'एक पेड़ मां के नाम' किया गया वृक्षारोपण



### डोंगरगांव नगर पंचायत अंतर्गत मटिया में पौधरोपण के बाद संरक्षण का लिया संकल्प

डोंगरगांव (दावा)। नगर और पर्यावरण को स्वच्छ और सुंदर बनाये रखने के लिए नगर पंचायत डोंगरगांव क्षेत्रांतर्गत मटिया मुक्तिधाम में सामूहिक रूप से नैतिक जिम्मेदारी निभाते हुए श्रमदान कर मुक्तिधाम की साफ सफाई किया गया। साथ ही 'एक पेड़ मां के नाम' से 40 नग जामुन के पौधों का रोपण किया गया। इस कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी, एसडीएम श्रीकांत कोर्राम, मुख्य नगर पालिका अधिकारी विनम्र जेमा, पार्षदगण पुरषोत्तम साहू, मनबोधी पटेल, राजा जैन, लक्ष्मीनारायण सेन, गायत्री यादव, पदमनी ठाकुर, गणमान्य नागरिक कृष्ण कुमार शर्मा, पुसउराम पटेल, टोमन साहू, टामन साहू, मोहन यादव, रमेश्वर यादव, कृष्णा साहू, नूतन साहू, रमेश पटेल, रमेश साहू, ऐलन बाई साहू, पुष्पा साहू, यशवंत साहू, तोरण साहू, सुरेश साहू, सुमन साहू, हेमलता निषाद, नीरा साहू, निकाय के उपअभियंता रेखलाल सिन्हा सहित नगर पंचायत के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहकर कार्यक्रम में अपनी नैतिक जिम्मेदारी समझते हुए सराहनीय योगदान दिया।

# पुरानी रंजिश को लेकर विधि से संघर्षरत बालक ने किया चाकू से हमला



### मोटर सायकल को कट मारकर चलाने से मना करने पर रखा था रंजिश

डोंगरगढ़(दावा)। पुरानी रंजीश को लेकर विधि से संघर्षरत बालक ने युवक पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। आरोपी मोटर सायकल को कट मारकर चलाने से मना करने पर रंजिश पाल रखा था। विधि से संघर्षरत बालक अपने बड़े भाई एवं अपने दो दोस्तों के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया। विधि से संघर्षरत बालक के विरूद्ध थाना डोंगरगढ़ में अन्य अपराधिक रिकार्ड दर्ज है।

प्रार्थी अभय चौहान पिता जयसिंग उम्र 24 साल निवासी कश्मीरीपारा वार्ड नं.14, डोंगरगढ़ ने एक सप्ताह पूर्व विधि से संघर्षरत बालक को मोटर सायकल को कट मारकर चलाने से मनाकर समझाया था इसी बात पर विधि से संघर्षरत बालक चिढ़ गया और 18 जून 2025 को विधि से संघर्षरत बालक शराब के नशे में चाकू लेकर आया जिसे प्रार्थी भगा दिया था। 19 जून 2025 को रात्रि करीबन 11:45 बजे प्रार्थी अभय चौहान मान होटल चौक के पास खड़ा था उसी समय विधि से संघर्षरत बालक अपने बड़े भाई हिमेश यादव एवं अपने दोस्त हर्ष वर्मा व विजय कुंभकार के साथ आये और सभी मिलकर प्रार्थी अभय चौहान को तुम बहुत होशियार बनते हो कहते हुये माँ-बहन गंदी-गंदी गाली देकर जान से मारने की धमकी देने लगे। मारपीट करने के दौरान विधि से संघर्षरत बालक अपने पास रखे एक धारदार चाकू से प्रार्थी के ऊपर हमला कर प्रार्थी को चोंट पंहूचा दिया। जिसकी रिपोर्ट पर थाना डोंगरगढ़ में अप.क्र. 314/2025, धारा 296, 351(2), 118(1), 3(5) बीएनएस का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया। आरोपी हिमेश यादव को धारा 296, 351(2), 118(1), 3(5) बीएनएस एवं 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया है एवं विधि से संघर्षरत बालक को अभिरक्षा में लिया गया गया है। विधि से संघर्षरत बालक के विरूद्ध इसके पूर्व थाना डोंगरगढ़ में अपराध क्र. 417/2023 धारा 294, 323, 506, 34 भादवि. एवं अप.क्र. 134/2025 धारा- 296, 115(2), 351(2), 3(5) बीएनएस एवं 25, 27 आर्म्स एक्ट का प्रकरण दर्ज होना पाया गया है।

# 6 दिन से लापता नवविवाहित जोड़ा मिला : पारिवारिक विवाद के बाद अकेले रहना चाहते थे, घर में बिना बताए निकले, डोंगरगढ़ से बरामद



छुईखदान (दावा)। खैरागढ़-गंडई-छुईखदान जिले में नवविवाहित जोड़ा अचानक लापता हो गया था। ग्राम मुहड़बरी के नरेंद्र वर्मा (28) और उनकी पत्नी ट्विंकल वर्मा (25) पारिवारिक विवाद के कारण दोनों कुछ दिन अकेले रहना चाहते थे, इसलिए बिना किसी को बताए डोंगरगढ़ चले गए थे। मामला छुईखदान थाना क्षेत्र का है। बिना बताए जाने से दोनों के परिवार में हल्ला मच गया। परिजनों को लगा कि कहां गायब हो गए है। जिसके बाद उन्होंने थाने में मामला दर्ज कराया। 6 दिन बाद पुलिस ने दोनों को खोज निकाला है। दोनों डोंगरगढ़ के एक घर में शांति से रह रहे थे।

### मायके जा रहे है बोलकर निकले

जानकारी के मुताबिक पति-पत्नी 14 जून को घर से निकले थे। उन्होंने परिजनों को बताया था कि वे पत्नी के मायके ग्राम चकनार जा रहे हैं, लेकिन वहां नहीं पहुंचे। परिजनों ने मोबाइल से संपर्क किया तो फोन बंद मिला। कुछ दिनों तक से संपर्क नहीं हुआ तो परिवार वालों को लगा किसी ने अपहरण कर लिया है। जिसके बाद वे 17 जून को थाने पहुंचे और गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। छुईखदान पुलिस ने 6 दिनों से लापता नवविवाहित जोड़े को डोंगरगढ़ से बरामद कर लिया है। पूछताछ में उन लोगों ने बताया वे शांति से अकेले रहना चाहते थे। खैरागढ़ एसपी लक्ष्य शर्मा ने बताया कि अब दोनों सुरक्षित हैं। परिजनों से मिलने के बाद मामला शांत हो गया है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि ऐसी स्थिति में परिवार या पुलिस को जरूर सूचित करें। इससे समय पर उचित कार्रवाई की जा सकती है।

# अवैध रूप से भंडारित सागौन लकड़ी जप्त

मोहला (दावा)। वन मण्डलाधिकारी दिनेश पटेल के निर्देशन में परिक्षेत्र चौकी के अंतर्गत नेतामटोला में पंचूराम के घर में छापा मारा गया। पंचूराम के घर एवं बाड़ी में 115 नग सागौन लठ्ठा एवं 92 नग सागौन चिरान जप्त किया गया। कुल 6.820 घन मीटर लकड़ी जप्त किया गया है। जिसका विधिवत कार्यवाही की जा रही है। कार्यवाही में मनेंद्र कुमार सिरदार उप वन मंडलाधिकारी, वीरेन्द्र कुमार पटेल उप मंडल प्रबंधक, मनीराम पाल परिक्षेत्र सहायक, सुनील शर्मा परिक्षेत्र अधिकारी, देवेन्द्र चौबे परियोजना परिक्षेत्र अधिकारी, देववाड़वी परिक्षेत्र, रविशंकर पारकर सहायक परियोजना क्षेत्रपाल, धरमलाल कोरटिया उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने धरती आबा ग्राम उत्कर्ष शिविर में हितग्राहियों से भेंटकर, संवेदनशीलता से सुनी समस्याएं



### 0 जनजाति समुदाय के हितार्थ अधिकारियों को संवेदनशीलता से कार्य करने के निर्देश
### 0 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खडगांव में की पौधारोपण

मोहला (दावा)। कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति ने आज धरती आबा ग्राम उत्कर्ष योजना अंतर्गत चलाए जा रहे शिविर का आकस्मिक निरीक्षण में ग्राम पंचायत खडगांव पहुंची। कलेक्टर ने यहां शिविर में पहुंचे जनजाति समुदाय के हितग्राहियों से भेंट कर उनकी समस्याओं को सहानुभूतिपूर्वक सनी। कलेक्टर ने यहां विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को लाभान्वित की। कलेक्टर ने यहां हितग्राहियों को राशन कार्ड वितरित की। कलेक्टर ने यहां सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनजाति समुदाय के कल्याण के लिए चलाए जा रहे हितग्राही मूलक योजनाओं से लाभान्वित करें। उन्होंने कहा कि योजनाओं का लाभ लेने से वंचित सभी जनजाति नागरिकों को लाभान्वित करें। कलेक्टर ने अधिकारियों को कड़ी निर्देश देते हुए कहा कि धरती आबा ग्राम उत्कर्ष योजना में शिद्दत से कार्य करते हुए जनजाति समुदाय को अधिक से अधीक लाभ दिलाएं।

कलेक्टर ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खडगांव का आकस्मिक निरीक्षण की। अस्पताल निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने उपस्थित चिकित्सकों को मानसून सत्र को देखते हुए जल जनित रोगों से संबंधित सभी आवश्यक दवाइयां की व्यवस्था सुनिश्चित करने और निर्धारित समय तक ओपीडी का संचालन करने निर्देशित की। कलेक्टर ने कहा कि अस्पताल में आने वाले मरीजों की समुचित उपचार करें। गंभीर मरीजों को अन्यत्र रिफर के लिए जरूरी मदद भी करें। कलेक्टर ने इस दौरान यहां अस्पताल परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन की दिशा में अपनी सहभागिता दी। कलेक्टर ने प्रेरितकारी संदेश देते हुए कहा कि सभी नागरिक एक पेड़ मां के नाम पर अवश्य लगाएं और पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन में अपनी सहभागिता दें।

# घरेलू गैस सिलेंडरों के उपयोग पर खाद्य विभाग की बड़ी कार्यवाही



मोहला (दावा)। कलेक्टर श्रीमति तुलिका प्रजाप्रति के निर्देशन में जिले में खाद्य विभाग द्वारा 18 जून को अचानक दबिस देते हुए विकासखंड मोहला एवं अंबागढ़ चौकी में महत्वपूर्ण कार्यवाही करते हुए घरेलू गैस सिलेंडरों के अवैध उपयोग व भंडारण करने वाली दुकानों पर छापा मारा गया। यह छापेमारी विकासखंड मोहला के सोनी होटल, आसमा भोजनालय एवं दादू होटल तथा विकासखंड अंबागढ़ चौकी स्थित अपना बिरयानी एण्ड कबाब सेंटर, सिन्हा बिरयानी सेंटर, सिन्हा भोजनालय एवं दोसा इटली सेंटर तथा यादव होटल पर की गई। जहां व्यावसायिक कार्य के लिए घरेलू रसोई गैस सिलेंडरों का उपयोग किया जा रहा था। मौके से कुल 6 सिलेंडर जब्त किए गए हैं। यह कार्यवाही जिले के बाजार क्षेत्रों में की गई। जिसमें कई दुकानों, ठेले में घरेलू गैस सिलेंडरों का अवैध उपयोग करते हुए पकड़ा गया। जांच के दौरान टीम को कई स्थानों पर घरेलू उपयोग हेतु निर्धारित एलपीजी सिलेंडरों का व्यवसायिक रूप से उपयोग करते हुए पाया गया। यह कार्य न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि सुरक्षा की दृष्टि से भी अत्यंत खतरनाक है। जांच दल में खाद्य अधिकारी आशीष रामटेके, सहायक खाद्य अधिकारी धरमू राम किरंगे, खाद्य निरीक्षक विश्वनाथ बंजारे, हेमंत नायक व सहायक प्रोग्रामर राहुल चंद्राकर सम्मिलित थे। संबंधित दुकानदारों के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 एवं द्रविकृत पेट्रोलियम गैस (प्रदाय और वितरण विनियमन) आदेश, 2000 के तहत कार्यवाही की जा रही है। विभाग द्वारा इस प्रकार की कार्यवाही आगे भी निरंतर जारी रखा जायेगा।

## निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

डोंगरगढ़(दावा)। लोकतंत्र प्रहरी, सहयोगी संगठन लोकतंत्र सेनानी संघ के अध्यक्ष विशाल राजहंस व प्रहरी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सच्चिदानंद उपासने की पहल पर प्रदेश के महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं हेतु 'संविधान हत्या दिवस कितना प्रासंगिक' एवं विद्यालयीन छात्र-छात्राओं हेतु 'आपातकाल कभी विस्मृत न हो' निबंध प्रतियोगिता आयोजित कर विजेताओं को दोनों स्तरों पर 31, 21 व 11 हजार रूपयों के नगद पुरस्कार एवं सारगर्भित निबंधों को प्रोत्साहन पुरस्कार तथा महाविद्यालय व विद्यालयों को प्रमाण पत्र दिये जायेंगे।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' - दिनेश गांधी ने कहा योग को दैनिक दिनचर्या में करें शामिल



अंबागढ़ चौकी (दावा)। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी मोहला-मानपुर, अंबागढ़ चौकी इकाई ने विश्राम गृह अंबागढ़ चौकी में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में दिनेश गांधी, भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती नम्रता सिंह, पूर्व संसदीय सचिव संजीव शाह और जिला महामंत्री दिलीप वर्मा ने मीडिया को संबोधित किया।

मुख्य वक्ता दिनेश गांधी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस अब हर वर्ष पूरे विश्व में धूमधाम से मनाया जाता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से संयुक्त राष्ट्र संघ ने इस दिवस को मान्यता दी। इस दिन विश्वभर में योग कार्यक्रम आयोजित होते हैं, जो भारत के लिए गर्व की बात है। गांधी ने बताया कि यह दिवस 2015 से हर वर्ष 21 जून को मनाया जा रहा है। इस तिथि का चयन इसलिए किया गया क्योंकि यह उत्तरी गोलार्ध का सबसे लंबा दिन होता है और आध्यात्मिक दृष्टि से यह विशेष महत्व रखता है। 2014 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में इस प्रस्ताव को 177 देशों का समर्थन प्राप्त हुआ था। इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' है।

स्कूलों, कॉलेजों और कार्यस्थलों में सामूहिक योगाभ्यास और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित होंगे। दिनेश गांधी ने प्रेस के माध्यम से जनता से आग्रह किया कि वे इस आयोजन का हिस्सा बने और योग को अपने दैनिक जीवन में शामिल करें।

उन्होंने बताया कि शासन और भाजपा द्वारा हर जिले में इस दिन को भव्य रूप से मनाने के लिए विशेष आयोजन प्रस्तावित हैं। इस अवसर पर कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। जिनमें अंबागढ़ चौकी मंडल अध्यक्ष आशीष द्विवेदी, पूर्व मंडल अध्यक्ष गुलाब गोस्वामी, राजेश सिंगी, नगर पंचायत उपाध्यक्ष पवन गुप्ता, श्रीमती कमलेश सारस्वत, व्यापारी प्रकोष्ठ जिला संयोजक मोहन जैन, जिला मीडिया प्रभारी अविनाश त्रिपाठी, राजीव तिवारी, खोमन मेश्राम, मनीष मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य नेहरू रजक, महामंत्री चंदन उपाध्याय, विमल यादव, देवनारायण कुंभकार और सैयद अजहरुद्दीन प्रमुख थे।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग को अपने जीवनशैली का हिस्सा बनाएं - किरण रविन्द्र वैष्णव



छुरिया (दावा)। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राजनांदगांव जिलेवासियों से अपील की है कि इस अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग को अपने जीवनशैली का हिस्सा बनायें।

श्रीमती वैष्णव ने कहा कि योग युगों-युगों से हमारी संस्कृति का हिस्सा रहा है। आज के इस आधुनिक युग में भी योग के प्रति विश्व में बढ़ती जिज्ञासा इसके प्रभाव का प्रत्यक्ष प्रमाण है। हम सभी को नियमित योग करना चाहिए, जो हमारे स्वास्थ्य के लिए बेहतर है। प्राचीन भारतीय परंपरा का एक अमूल्य उपहार योग है। जो शारीरिक और मानसिक तंदुरुस्ती को बढ़ावा देने का सबसे भरोसेमंद साधनों में से एक के रूप में उभरा है। 'योग' शब्द संस्कृत मूल युज से लिया गया है। जिसका अर्थ है 'शामिल होना', 'जुड़ना' या 'एकजुट होना', जो मन और शरीर की एकता, विचार, क्रिया, संयम, तृप्ति, मानव, प्रकृति के बीच सामंजस्य और स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती के लिए एक समग्र दृष्टिकोण का प्रतीक है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अथक प्रयासों के कारण संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में घोषित किया गया। यूएनजी ने अपने प्रस्ताव में इस बात का समर्थन किया कि 'योग जीवन के सभी पहलुओं के बीच संतुलन स्थापित करने के अलावा स्वास्थ्य और कल्याण के लिए एक समग्र दृष्टिकोण प्रदान करता है'। 'योग के फायदों के बारे में जानकारी का व्यापक प्रसार पूरी दुनिया के स्वास्थ्य के लिए फ़ायदेमंद होगा।' इसने समग्र स्वास्थ्य क्रांति का एक युग शुरू किया। जिसमें इलाज के बजाय रोकथाम पर अधिक ध्यान दिया गया। आइये, हम सब मिलकर इस अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग को अपने जीवनशैली का हिस्सा बनायें और नियमित योगाभ्यास करें तथा दुसरों को भी प्रेरित करें।

# गर्मी से जूझ रहे लोगों को बारिश का हो रहा इंतजार



जिले के किसान भी तक रहे आसमान की ओर, पिछड़ रहा है बोनी कार्य

राजनांदगांव (दावा)। आषाढ़ मास लग चुका है लेकिन बारिश का कहीं नामो -निशान नजर नहीं आता। इधर सूरज देवता भी अपना तेवर बनाए रखने में परहेज़ नहीं कर रहा। इससे लोग गर्मी के साथ- साथ उमस से भी परेशान हो रहे हैं।

बताते चलें कि जिले में दक्षिण पश्चिम मानसून की एंट्री हो गई है। इसके साथ ही तापमान में गिरावट हो रही है लेकिन पानी नहीं बरस रहा। इससे लोग गर्मी और उमस से खासे परेशान हो रहे हैं। हालांकि मौसम में थोड़ी बहुत आर्द्रता के चलते तापमान 33 डिग्री दर्ज किया गया। इससे पूर्व के तापमान में से 3 डिग्री की गिरावट हुई है। लेकिन बारिश की अच्छी स्थिति नहीं बन पाई है। किसान भी अपने किसानी कार्य को गति देने आसमान की ओर नजरें जमाए हुए हैं। आसमान में यदा-कदा बादलों का समुह देखा जाता है लेकिन हवा के दबाव में वे कहां से कहां चले जाते हैं? पता ही नहीं चलता।

मौसम विज्ञानी भी बारिश- पानी की स्थिति को लेकर सटीक भविष्यवाणी नहीं कर रहे। इससे लोगों में बारिश को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है।

मौसम विभाग सीएच चंद्रा ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ होने के कारण बारिश अभी थमी हुई है। गुरुवार को थोड़ा आगे बढ़ कर 76 डिग्री पर आया है। इससे मुख्य सिस्टम निम्न दाब का क्षेत्र बने होने से उत्तरी झारखंड व पश्चिम बंगाल होते हुए छत्तीसगढ़ के उत्तर पश्चिमी दिशा की ओर बढ़ रहा है। सरगुजा क्षेत्र में बारिश होने की संभावना बढ़ गई है। हालांकि गुरुवार को जिले के क ई हिस्सो में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना जताई गई थी लेकिन यह छूट-पुट बूंदाबांदी तक सिमित रह गया।

### कसानी कार्य में पिछड़ रहा

### नांदगांव जिला

बता दें कि आषाढ़ लग जाने के बाद भी जून के महिने में मानसून के सक्रिय नहीं होने से खेती - किसानी का कार्य पूरी तरह से पिछड़ रहा है। बारिश नहीं होने से बोनी कार्य भी नहीं हो पा रहा है। खेतो में पानी नहीं होने से चिंतित किसान खाद - बीज की पूरी तैयारी किए जाने के बावजूद उन्हें चूपचाप बैठना पड़ रहा है। हालांकि वनांचल क्षेत्र में शुरुआती दौर के बारिश में खेती- किसानी का कार्य शुरू कर दिया गया है लेकिन मैदानी क्षेत्र में इसका अभाव देखा जा रहा है। इससे जिले में किसानी कार्य पिछड़ने लगा है।बताते चलें कि इस वर्ष एक लाख 84 हजार 400 हेक्टेयर क्षेत्रफल में खरीफ फसल की बोनी की जानी है।जिसम धान बोनी का रकबा एक लाख 76 हजार 215 हेक्टेयर क्षेत्रफल रखा गया है।अब लगभग आधा जून का महिना निकल जाने के बाद भी बारिश नहीं होने, जिले में मानसून के सक्रिय नहीं होने से किसानों को चिंता खाने लगी हैं।

# दिग्विजय स्वशासी महाविद्यालय में प्रवेश की जानकारी हेतु बनाया गया हेल्प डेस्क




राजनांदगांव (दावा)। शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में स्नातक स्तर के बीए, बी.कॉम, बीएससी (बायो/गणित), बीसीए, डीसीए प्रथम वर्ष (प्रथम सेमेस्टर) में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। विद्यार्थियों को आवश्यक दस्तावेज सहित आवेदन पत्र की हार्ड कापी लेकर सत्यापन कराना होगा। तत्पश्चात् निर्धारित शुल्क जमा करना होगा। निर्धारित तिथि का उल्लेख प्रवेश सूची के साथ किया गया है। प्रवेश सूची के संबंध में किसी भी प्रकार की शिकायत/समस्या हो तो विद्यार्थी निर्धारित तिथि से पूर्व प्रवेश समिति से संपर्क कर सकते है।

प्रवेश हेतु आने वाले विद्यार्थियों की सुविधा हेतु महाविद्यालय प्रबंधन एवं एनएसएस द्वारा हेल्प डेस्क लगाया जा रहा है। एनएसएस के विद्यार्थियों द्वारा प्रवेश हेतु आने वाले विद्यार्थियों को आवश्यक जानकारी प्रदान करते हुए उन्हें आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है। महाविद्यालय के रजिस्टार दीपक परगनिहा, एनएसएस अधिकारियों संजय सप्तर्षि, श्रीमती करूणा रावटे के माध्यम से आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जा रही है। प्रथम दिन एनएसएस के विद्यार्थियों शिवम यादव, कोमल साहू एवं यामिनी साहू ने हेल्प डेस्क के माध्यम से विद्यार्थियो को सहयोग प्रदान किया।

# विष्णुपुर स्वच्छता के लिए श्रमदान - शीतला माता मंदिर परिसर, तालाब व नालियों की सफाई



राजनांदगांव (दावा)। ग्राम पंचायत खुर्शीपार के आश्रित ग्राम विष्णुपुर में स्वच्छता के प्रति आम जन में जागरूकता पैदा कर स्वच्छता अभियान से जोड़ने के उद्देश्य से ग्राम में श्रमदान कार्यक्रम किया गया ताकि स्वच्छता अभियान को जन आंदोलन का रुप दिया जा सकें।

इस अवसर पर उप सरपंच भागवत वर्मा ने कहा कि ग्राम में स्वच्छता की अलख जगाने व स्वच्छ भारत अभियान को सफल बनाने में आम नागरिकों का सहयोग अत्यंत आवश्यक है ग्राम को स्वच्छ व सुन्दर बनाने का सपना तभी साकार होगा जब स्वच्छ भारत अभियान को जनसहयोग प्राप्त होगा। इस श्रमदान कार्यक्रम में विशेष रूप से उप सरपंच भागवत वर्मा, पंचगण कृष्णा यादव सगनी गोंड, नीलम यादव, प्रिया यादव, भूतपूर्व पंच अवध राम यादव, नंदे वर्मा, मुरली यादव, समीर ठाकुर, आयुष वर्मा, हितेश वर्मा, शुखराम ठाकुर, निर्मला ठाकुर, कली ठाकुर, कांती यादव, रोहनी वर्मा, राजकुमारी वर्मा, ममता वर्मा, गीता ठाकुर, बिसाहीन यादव, तिरिथ यादव, सोहागा यादव, जननी वर्मा, भोज यादव, जामबाई वर्मा, दयाबती गोंड, सावित्री वर्मा आदि का विशेष सहयोग रहा।

# शासन की योजना अंतर्गत बैंकिंग क्षेत्र अधिक समावेशी एवं जनता के द्वार तक सेवाओं को पहुंचाने का बना माध्यम - कलेक्टर




- प्रदेश में महिला स्वसहायता समूह के सदस्यों को उद्यम स्थापना के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने में राजनांदगांव जिला पहले स्थान पर आने पर प्रशंसा की
- लघु एवं मध्यम उद्योगों के लिए ऋण देने के प्रकरणों को प्राथमिकता से स्वीकृत करने के दिए निर्देश
- बैंकिंग क्षेत्रों में आए महत्वपूर्ण परिवर्तन

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने आज कलेक्टोरट सभाकक्ष में जिला स्तरीय समीक्षा समिति एवं जिला परामर्शदात्री समिति की बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि विगत 10 वर्षों में बैंकिंग के विशेषज्ञों के दृष्टिकोण से सभी बैंकर्स ने यह ट्रेड देखा होगा कि शासन की योजनाओं के अंतर्गत बैंकिंग क्षेत्रों में महत्वपूर्ण परिवर्तन आए हैं और यह जनसामान्य के लिए वित्तीय दृष्टिकोण से अधिक समावेशी एवं जनता के द्वार तक सेवाओं को पहुंचाने का माध्यम बना है। जिसकी शुरूआत प्रधानमंत्री जनधन योजना के माध्यम से हुई है।

समावेशी विकास से जुड़ते हुए जनमानस विकास की मुख्यधारा से जुड़े है। आज के समय में हर व्यक्ति के पास अपना बैंक खाता है। बैंकिंग क्षेत्रों में डिजिटलाईजेशन एवं ई-बैंकिंग के कारण तेजी बदलाव आ रहे हैं। आज हर व्यक्ति बैंकिंग सुविधाओं से जुड़े हुए है। उन्होंने कहा कि शासन की वित्तीय क्षेत्रों से जुड़ी योजनाएं विशेषकर लघु एवं मध्यम उद्योगों के लिए ऋण देने के लिए प्रारंभ की गई योजनाएं जिनमें प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना जैसी महत्वपूर्ण योजनाएं है। उन्होंने विशेष तौर पर प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना अंतर्गत प्रकरणों को प्राथमिकता से स्वीकृत करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्रों में कौशल से जुड़ी योजनाओं पर ध्यान केन्द्रित करते हुए इसके प्रकरणों के लिए ऋण स्वीकृत करें, इसमें विलंब नहीं होना चाहिए।

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कहा कि शासन की अन्य विभागीय योजनाओं में भी सब्सिडी से जुड़ी योजनाओं में बैंकर्स को जनसामान्य की मदद करना चाहिए। स्थायी विकास को प्राथमिकता देने के लिए प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना को बढ़ावा देने के लिए सभी बैंकर्स ऋण स्वीकृति के कार्य को प्राथमिकता से करें। कलेक्टर ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत जिले में किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने प्रदेश में महिला स्वसहायता समूह के सदस्यों को उद्यम स्थापना के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने में राजनांदगांव जिला पहले स्थान पर आने पर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि किसान क्रेडिट योजना के तहत मत्स्य एवं पशुपालन विभाग द्वारा हितग्राहियों को अधिक से अधिक लाभ मिले, इसके लिए कार्य करने की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री उद्यमिता विकास योजना अंतर्गत लक्ष्य प्राप्ति करने के लिए कार्य करें। उन्होंने कहा कि वित्तीय क्षेत्रों में हो रहे फ्रॉड एवं धोखाधड़ी से बचने के लिए जनसामान्य में जागरूकता के लिए कार्य करें। सावधानी रखने के संबंध में आवश्यक जानकारी एवं सूचना प्रदान करें।

जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने बताया कि जिले में 4972 महिला स्वसहायता समूह द्वारा लगभग 120 करोड़ 49 लाख रूपए के प्रकरणों लघु उद्यमों के लिए स्वीकृत किए गए है। इसी तरह उद्यम हेतु वित्तीय सहायता के लिए 746 महिला स्वसहायता समूह को ऋण प्रदान किया गया है। उन्होंने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना से जनसामान्य को अधिक से अधिक लाभान्वित करने के लिए कहा। इस अवसर पर लीड बैंक मैनेजर मुनीष शर्मा, नाबार्ड के मनोज नायक, लीड डिस्ट्रिक्ट ऑफिसर रिजर्व बैंक ऑफ इंडियाश्री अविनाश टोप्पो सहित बैंकर्स उपस्थित थे।

# स्कूली बच्चों को साइकिल मिलने से चेहरे पर आई मुस्कान



सिंघोला स्कूल में छात्राओं को साइकिल वितरित

**राजनांदगांव (दावा)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिंघोला राजनांदगांव में शाला प्रवेश उत्सव में शामिल हुए जनपद सभापति खुशबू राकेश साहू ने बच्चों को गणवेश एवं पुस्तक वितरण किया।**

साथ ही नवमी के छात्रों को साइकिल वितरण किया गया। जनपद सदस्य ने सभी बच्चों को शासकीय स्कूलों में सरकार द्वारा निःशुल्क शिक्षा और सभी सुविधाएं दिए जा रहे तो कोई भी प्राइवेट स्कूलों में न जावे सरकारी स्कूलों में हमारे अच्छे शिक्षक है सभी प्रवेश लेवे कार्यक्रम में स्कूल के प्रिंसिपल शिक्षक-शिक्षिका उपस्थित रहे। स्कूल के अध्यक्ष पंकज साहू व सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# खरीफ फसलों की उन्नत खेती पर कृषक प्रशिक्षण एवं बीज वितरण कार्यक्रम संपन्न



राजनांदगांव (दावा)। पं. शिव कुमार शास्त्री कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र सुरगी राजनांदगांव द्वारा 19 जून को संचालित केंद्र वित पोषित फामर्स फस्ट परियोजना के तहत विकासखण्ड अंबागढ़ चौकी के ग्राम चिखली में महाविद्यालय के अधिष्ठाता के मार्गदर्शन में एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 100 कृषकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किए।

उक्त प्रशिक्षण में डॉ. ललित कुमार रामटेके, प्राध्यापक (मृदा विज्ञान) ने कृषकों को फसल लगाने के पूर्व मृदा की उर्वरा क्षमता जांच करने हेतु मिट्टी नमूना लेने की विधि एवं मृदा में पोषक तत्वों की मात्रा बढ़ाने हेतु हरी खाद का उपयोग कर फसलों का उत्पादन बढ़ाने के उपायों पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

डॉ. मनोज कुमार चंद्राकर, सह-प्राध्यापक (कीट विज्ञान) ने कृषकों को खरीफ फसलों को रोगों व कीटों से बचाने हेतु प्रारंभ में ही बीजोपचार करने साथ ही धान की फसल में लगने वाले कीटव्याधियों एवं उनके प्रबंधन पर जानकारी दी। डॉ. अभय बिसेन, सहायक प्राध्यापक (फल विज्ञान) ने कृषकों को सब्जियों के नर्सरी प्रबंधन एवं उन्नत किस्मों के बीज लगाने संबंधी सुझाव दिए। उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय की अधिष्ठाता एवं परियोजना प्रमुख डॉ. (श्रीमति) विनम्रता जैन ने कृषकों को धान में लगने वाले प्रमुख खरपतवारों व उनके नियंत्रण के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस परियोजना के अंतर्गत चयनित कृषकों को उच्च गुणवत्तायुक्त सब्जियों के बीज का वितरण किया गया।

# धरती-आबा जनभागीदारी अभियान के तहत 15 से 105 ग्रामों में विशेष शिविरों का आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार 15 से 30 जून तक धरती-आबा जनभागीदारी अभियान अंतर्गत विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत राजनांदगांव जिले में विशेष शिविरों के आयोजन के लिए कुल 105 ग्रामों का चयन किया गया है। धरती-आबा जनभागीदारी अभियान अंतर्गत आयोजित विशेष शिविरों में आधार कार्ड, राशन कार्ड, जाति व निवास प्रमाण पत्र, पेंशन योजना, आयुष्मान भारत कार्ड, उज्ज्वला गैस कनेक्शन, जनधन खाता, पीएम किसान निधि, मुद्रा लोन, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना समेत लगभग 17 योजनाओं का सीधा लाभ पात्र हितग्राहियों को प्रदान किया जा रहा है। शिविरों में स्वास्थ्य, पंचायत, समाज कल्याण, ग्रामीण विकास, कृषि, खाद्य, राजस्व विभागों की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। धरती-आबा जनभागीदारी अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु विकासखंड स्तर पर कलस्टर तैयार किया गया है। जिसमें राजनांदगांव विकासखण्ड अंतर्गत 18 जून को देवडोंगर एवं 20 जून को मलपुरी, विकासखण्ड डोंगरगढ़ अंतर्गत 18 जून को कलकसा, 20 जून को बागरेकसा, 23 जून को मोतीपुर, विकाखण्ड छुरिया अंतर्गत 18 जून को करमरी, 20 जून को कुमर्दा, 23 जून को महराजपुर, 25 जून को छुरिया, 27 जून को जोब एवं विकासखण्ड डोंगरगांव अंतर्गत 18 जून को तुमड़ीबोड़, 20 जून को अर्जुनी, 23 जून को कोकपुर, 25 जून को खुज्जी एवं 27 जून को करमतरा में विशेष शिविरों का आयोजन कलस्टरवार किया जा रहा है।

# खुलेआम बिक रही अवैध शराब, ऑनलाइन सट्टा का कारोबार भी जोरों पर



राजनांदगांव (दावा)। जिले में शराब बिक्री को लेकर शासन ने तरह-तरह के नियम व मापदंड सुनिश्चित कर रखे हैं। सरकारी शराब दुकानों में नियमों का पालन नहीं हो रहा है, जिसका फायदा शराब कोचियें उठा रहे हैं। राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र के ग्रामों में अवैध शराब की बिक्री नहीं थम रही है। शासन अवैध शराब बिक्री और शराब कोचियों को समाप्त करने खुद शराब बेच रही है। रोजाना नए-नए शराब कोचिये धड़ल्ले से नगर व ग्रामो आसपास के क्षेत्रों में जगह-जगह शराब बेच रहे हैं। राजाराम मेझ प्रोडक्ट के सामने ढ़ाबा में 24 घंटे लोगों शराब सुबह से ही शराब खरीदने पहुंचते हैं। सुबह पांच बजे से शराब की बिक्री चालू हो जाती है। सिंघोला करमतरा मार्ग पर हनुमान मंदिर के पास सुबह से ही शराब की बिक्री हो रही है। सुरगी के मुक्तिधाम, शिवनाथ नदी के दोनों किनारे, स्टेडियम तालाब एवं अन्य जगह आसानी से शराब मिल जाती है और ऑनलाइन सट्टा का कारोबार भी पूर्व मुख्यमंत्री के गोद ग्राम में जोर-शो र से चल रही है।

स्व. चंदूलाल चंद्राकर के गृह ग्राम भर्रेगांव में भी जहां बाहर से आए राहगीरों को भी आसानी से शराब मिल जाती है। विभाग को न पता चल पा रहा और न ही शराब बेचने वाले कोचिये मिल रहें। शराब बिक्री को लेकर शासन ने तरह-तरह के नियम व मापदंड सुनिश्चित कर रखें हैं। सरकारी शराब दुकानों में नियमों का पालन नहीं हो रहा है। जिसका फायदा शराब कोचियें उठा रहे हैं और जितनी मात्रा में शराब की खरीदी करनी है। उतना एक दिन में बार-बार लाइन लगाकर खरीदा जा रहा है। चाहे देशी या अंग्रेजी दोनों शराब की अवैध बिक्री रोजाना हो रही है। अवैध शराब बेचने वाले मुनाफा के चक्कर में शराब दुकान से ज्यादा मात्रा में शराब खरीद कर दुगुने कीमत में बेचते हैं। शराब पीने वालों को सरकारी शराब दुकान के खुलने का इंतजार नहीं करना पड़ता है और बड़ी आसानी से शराब उपलब्ध हो जाती है। राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले हैं ग्रामों में अवैध शराब बिक्री, गांजा, ऑनलाइन सट्टा का कारोबार जोरों पर चल रही है। सोमनी साकरा रोड स्थित शराब दुकान के पीछे खेत खेलियानो में लोग खुलेआम शराब पीते दिख रहे हैं। नजदीकी किसानों ने बताया कि शराब पीने वाले लोग खेतों पर सीसी की बोटल को फोड़ रहे हैं। चखना के पॉलिथीन डिस्पोजल पानी पाउच खेत में छोड़ रहे हैं। जबकि अभी खेती किसानी का दिन आ गया और धान बुआई का कार्य भी जोरों पर चल रहा है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष....

**भगवान जगन्नाथ की धरती पर....**

उन्होंने कहा, चूंकि आप पहले से ही कनाडा में हैं, तो वाशिंगटन क्यों नहीं आते? चलिए खाना खाते हैं और बात करते हैं। उन्होंने गर्मजोशी से निमंत्रण दिया। मैंने संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति से सम्मानपूर्वक कहा, आपके निमंत्रण के लिए धन्यवाद, लेकिन मेरे लिए महाप्रभु की पवित्र भूमि पर जाना आवश्यक है। और इसलिए, मैंने विनम्रतापूर्वक उनके प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया, क्योंकि महाप्रभु के प्रति आपका प्रेम और भक्ति मुझे इस पवित्र भूमि पर खींच लाई। पीएम मोदी ने आगे कहा, आजादी के बाद दशकों तक देश के लोगों ने कांग्रेस के शासन मॉडल को देखा। उस मॉडल में सुशासन और जीवन की सुगमता, दोनों का अभाव था। विकास परियोजनाओं में देरी, उन्हें पटरी से उतारना और उनका कुप्रबंधन, घोटाले, भ्रष्टाचार, ये कांग्रेस के विकास मॉडल की पहचान थी। लेकिन हाल के वर्षों में देश ने भाजपा के विकास मॉडल को व्यापक स्तर पर देखा है। पिछले एक दशक में कई राज्यों ने पहली बार भाजपा की सरकारें देखी हैं। और इन राज्यों में सिर्फ सरकार ही नहीं बदली, बल्कि सामाजिक और आर्थिक बदलाव का एक नया युग शुरू हुआ। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, यह सुखद संयोग है कि जब ओडिशा की भाजपा सरकार अपने एक साल पूरे कर रही है तब आप सभी भगवान जगन्नाथ जी की रथ यात्रा की तैयारियों में जुटे हैं। महाप्रभु हमारे लिए आराध्य भी हैं, प्रेरणा भी हैं और महाप्रभु के आशीर्वाद से श्री मंदिर से जुड़े विषयों का समाधान भी हो गया है... यहां सरकार बनते ही श्री मंदिर के चारों द्वार खोल दिए थे, श्री मंदिर का रत्नभंडार भी खुल गया है और यह कोई राजनीतिक जय-विजय का विषय नहीं है, यह करोड़ों भक्तों की आस्था का सम्मान करने का कार्य हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, आदिवासी साथियों के सपने पूरे करना, उन्हें नए अवसर देना, उनके जीवन से मुश्किलें कम करना, हमारी सरकार की प्राथमिकता है। इसलिए पहली बार जनजातीय विकास के लिए दो बहुत बड़ी राष्ट्रीय योजनाएं देश में बनी हैं। इन दो योजनाओं पर 1 लाख करोड़ रुपये से भी ज्यादा खर्च किए जा रहे हैं। पहली योजना है धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान। बिरसा मुंडा जी के नाम पर इसे रखा गया है। इसके तहत देश भर में 60,000 से अधिक आदिवासी गांवों में विकास के काम किए जा रहे हैं। यहां ओडिशा में भी कहीं आदिवासियों के लिए घर बन रहे हैं, रोड बन रहे हैं, बिजली पानी की सुविधाएं बन रही हैं। यहां ओडिशा के 11 जिलों में 40 आवासीय विद्यालय भी बन रहे हैं। केंद्र सरकार इस पर भी सैकड़ों करोड़ों खर्च कर रही है। जो दूसरी योजना है, उसका नाम है पीएम जन-मन योजना है।

**विदेश में भारतीय कूटनीति का...**

जानकारी दें गत बुधवार को भारत ने ईरान से भारतीय नागरिकों को निकालने के लिए ऑपरेशन सिंधु शुरू करने की घोषणा की। इसके तहत युद्धग्रस्त देश में फंसे भारतीयों को निकालने की कोशिश जारी है। ईरान और इजरयल के बीच संघर्ष लगातार बढ़ता जा रहा है। दिल्ली में ईरानी दूतावास के अधिकारियों ने कहा कि कुछ छात्रों के घायल होने के बाद ईरानी विदेश मंत्रालय तेहरान में भारतीय मिशन के साथ निकट संपर्क में है।

**अचानक अमेरिका पहुंचे.....**

दो हफ्तों में तय करेंगे कि सैन्य कार्रवाई की जाए या नहीं. लेविट ने यह भी स्पष्ट किया कि ट्रंप राजनयिक समाधान में रुचि रखते हैं, लेकिन उनकी सबसे बड़ी प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि ईरान कभी परमाणु हथियार हासिल न करे. इस बीच तीन अमेरिकी एयरक्राफ्ट कैरियर मिडिल ईस्ट की ओर भेजे जा रहे हैं और 10 अमेरिकी सैन्य कार्गो विमान पहले ही स सेंट्रल कमांड के ठिकानों की ओर रवाना हो चुके हैं. ये संकेत है कि अमेरिका किसी भी स्थिति के लिए सैन्य रूप से तैयार रहना चाहता है. बता दें कि ट्रंप ने पत्रकारों से कहा था कि मैं हमला करूंगा भी, और नहीं भी. अगले हफ्ते बहुत अहम होगा, शायद इससे भी कम समय में फैसला हो जाएगा. इससे पहले यानी 19 जून को ट्रंप ने ईरान पर हमले की योजना को मंजूरी दी थी. लेकिन उन्होंने फाइनल आदेश के लिए रुकने को कहा है. ट्रंप ने अपने वरिष्ठ सहयोगियों के साथ एक अहम बैठक की. उन्होंने कहा कि फाइनल आदेश के बाद हमला किया जाएगा, और इस दौरान उन्होंने यह देखने के लिए कहा कि ईरान अपना न्यूक्लियर प्रोग्राम छोड़ने के लिए राजी है या नहीं.

**दिल्ली-पुणे एअर इंडिया की....**

सहित आठ उड़ानें रद्द कर दी हैं। यात्रियों के लिए जल्द से जल्द अपने गंतव्यों तक उड़ान भरने के लिए ग्राउंड पर उसकी टीमें वैकल्पिक व्यवस्था कर रही हैं। इस बीच एअर इंडिया ने 21 जून से 15 जुलाई 2025 तक हर हफ्ते 38 अंतरराष्ट्रीय उड़ानें घटाने और तीन विदेशी मार्ग पर सेवाएं बंद करने का ऐलान किया है। हालिया विमान दुर्घटना के बाद सुरक्षा जांच बढ़ाई गई है, जिससे उड़ानों पर असर पड़ा है।

**15 हजार रुपये के साथ जूनियर....**

को रिश्वत की रकम 15 हजार रुपये आरोपी कृष्ण कुमार गुप्ता को देने के लिए भेजा। आरोपी ने रकम अपने चारपहिया वाहन के डैशबोर्ड के नीचे के खंड में रखवाया। उसी वक्त एसीबी की टीम ने पकड़ लिया। घूसखोरी और भ्रष्टाचार करने वाले अधिकारी कृष्ण कुमार गुप्ता को रिश्वत के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार करते ही आसपास काफी भीड़ लग गई। पकड़े गए आरोपी से रिश्वत की रकम जब्त कर एसीबी उसके खिलाफ धारा सात भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 के तहत कार्रवाई कर रही है। आरोपी को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई की जाएगी।

**आज अंतरराष्ट्रीय योग दिवसः पीएम मोदी.....**

गया कि 'योगांध्र' के तहत गांव स्तर से लेकर राज्य स्तर तक 15,000 योग प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, 5,451 प्रशिक्षकों ने इस प्रयास में योगदान दिया और विभिन्न योग कार्यक्रमों के एक करोड़ से अधिक प्रतिभागियों को प्रमाणित किया गया। इस महा आयोजन के सुचारू संचालन के लिए 1,000 लोगों की क्षमता वाले 326 'कम्पार्टमेंट' तैयार किए गए हैं और 3.32 लाख टी-शर्ट और योग के लिए पांच लाख चटाइयों की व्यवस्था की गई है। अधिकारियों ने 21 जून को योग गतिविधियों के लिए राज्य भर में 1.3 लाख से अधिक स्थानों की पहचान की है और उन्हें पंजीकृत किया है जबकि विशाखापत्तनम में 30,000 लोगों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था भी की गई है। हालांकि बारिश का कोई पूर्वानुमान नहीं है लेकिन मुख्यमंत्री नायडू ने अधिकारियों को वैकल्पिक व्यवस्था करने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने तैयारियों का जायजा लेने के लिए हाल में व्यक्तिगत रूप से विशाखापत्तनम का दौरा किया था। उन्होंने राज्य के सभी लोगों से योग दिवस को सफल बनाने का आह्वान किया। विशाखापत्तनम में योग कार्यक्रम स्थल पर 3,000 से अधिक बस से योग प्रेमियों के पहुंचने की संभावना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी प्रतिभागियों को योग दिवस पर सुबह छह से साढ़े छह बजे के बीच अपने-अपने निर्धारित स्थानों पर पहुंच जाना चाहिए। इस बीच, विशाखापत्तनम में कार्यक्रम के लिए व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की जा रही है। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) हरीश कुमार गुप्ता ने पहले कहा, ''1,200 से अधिक सीसीटीवी कैमरे और ड्रोन 26 किलोमीटर के उस हिस्से पर नजर रखेंगे जहां हजारों लोग योग करेंगे। सुरक्षा के लिए करीब 10,000 पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं।'' इस आयोजन के दौरान समन्वय और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उच्च प्रौद्योगिकी से लैस एक पुलिस नियंत्रण कक्ष बनाया गया है। इस आयोजन में बड़ी संख्या में लोगों के भाग लेने की उम्मीद है। गुप्ता ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी और अन्य प्रमुख मंत्रियों के शामिल होने के कारण हर स्तर पर मानक सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन किया जा रहा है।

**आज अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवसःमुख्यमंत्री**

छुईखदान-गण्डई में सांसद संतोष पाण्डेय, सरगुजा में सांसद चिन्तामणी महाराज, महासमुंद में सांसद मती रूपकुमारी चौधरी, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में सांसद राधेश्याम राठिया, जांजगीर-चांपा में सांसद कमलेश जांगड़े, सुकमा में सांसद महेश कश्यप, कांकेर में सांसद भोजराज नाग, सक्ती में सांसद देवेन्द्र प्रताप सिंह, बिलासपुर में विधायक अमर अग्रवाल, बीजापुर में विधायक आशाराम नेताम, धमतरी में विधायक अजय चंद्राकर, बस्तर में विधायक किरण सिंह देव, कोरिया में विधायक भैयालाल राजवाड़े, सूरजपुर में विधायक मती रेणुका सिंह, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में विधायक गुरू खुशवंत साहेब, दंतेवाड़ा में विधायक चैतराम अटामी, बालोद में विधायक ललित चन्द्राकर, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में विधायक प्रणव कुमार मरपच्ची और कोण्डागांव में विधायक नीलकंठ टेकाम मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहेंगे।

# नवोदय प्रवेश परीक्षा 2026 के लिए उन्मुखीकरण कार्यक्रम संपन्न, शत-प्रतिशत पंजीयन का लिया गया संकल्प

डोंगरगढ़ (दावा)। पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ में कक्षा 6वीं के लिए आयोजित नवोदय प्रवेश परीक्षा 2026 हेतु पंजीयन कार्य को गति देने के उद्देश्य से उन्मुखीकरण कार्यक्रमों की शुरुआत की गई। इस कड़ी में दिनांक 17 जून को विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य संजय कुमार मंडल और खेल शिक्षक अनिल कुमार पाल ने राजनांदगांव जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल से भेंट कर शत-प्रतिशत पंजीयन सुनिश्चित करने हेतु आग्रह किया।



तीन जिलों के शिक्षा अधिकारियों ने की सहभागिता, ग्रामीण प्रतिभाओं को मिलेगा अवसर

बैठक में राजनांदगांव विकासखंड शिक्षा अधिकारी देवांगन, डोंगरगढ़ विकासखंड शिक्षा अधिकारी विरेंद्र कौर, छुरिया के प्रशांत, डोंगरगांव के जयंत साहू एवं नितिन हिरवानी उपस्थित रहे। जिला शिक्षा अधिकारी बघेल ने सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया कि नवोदय प्रवेश परीक्षा के लिए पंजीयन कार्य में किसी प्रकार की कोताही नहीं होनी चाहिए और शत-प्रतिशत पंजीयन सुनिश्चित किया जाए। 18 जून को विकासखंड अंबागढ़ चौकी में विकासखंड शिक्षा अधिकारी धीवर और बीआरसी संतोष पांडे की उपस्थिति में सभी संकुल समन्वयकों और बीआरसी कर्मियों के लिए उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के गणित शिक्षक स्नेह अग्रवाल और खेल शिक्षक अनिल कुमार पाल ने ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया और चयन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी।

मोहला में विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजेंद्र देवांगन की अध्यक्षता में तथा मानपुर में सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी अरुण मरकाम और बीआरसी खान मैडम की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया। दोनों जगहों पर सभी संकुल समन्वयकों को नवोदय पंजीयन प्रक्रिया की बारीक जानकारी दी गई और निर्देशित किया गया कि कक्षा 5वीं में अध्ययनरत प्रत्येक छात्र का पंजीयन अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें।

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा ग्रामीण अंचलों के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के लिए एक सुनहरा अवसर है। ऐसे में अधिक से अधिक पंजीयन कराने से योग्य विद्यार्थी राष्ट्रीय स्तर की शिक्षा प्रणाली से जुड़ सकेंगे। विद्यालय के गणित शिक्षक स्नेह अग्रवाल ने पावर पॉइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से ऑनलाइन फॉर्म भरने की तकनीकी प्रक्रिया समझाई, जबकि खेल शिक्षक अनिल कुमार पॉल ने चयन परीक्षा के प्रारूप व प्रक्रिया की जानकारी दी।

प्रभारी प्राचार्य संजय कुमार मंडल ने राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी और खैरागढ़ ब्लॉकों के समस्त प्रधान पाठकों व शिक्षा अधिकारियों से अपील की कि वे कक्षा 5वीं में अध्ययनरत सभी विद्यार्थियों का शत-प्रतिशत पंजीयन कराकर नवोदय जैसी राष्ट्रीय स्तर की शिक्षा व्यवस्था से जोड़ें। कार्यक्रम का समापन सभी सहभागी अधिकारियों और शिक्षकों के प्रति आभार प्रकट करते हुए किया गया। इस दौरान नवोदय विद्यालय के शिक्षकों की सक्रिय भूमिका प्रशंसनीय रही।

# ठाकुरटोला में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया




गंडई पंडरिया (दावा)। वनांचल के शासकीय प्राथमिक शाला जुझारा समग्र शिक्षा संकुल केन्द्र ठाकुरटोला में शिक्षा सत्र 2025-26 का शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदे की तैल चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर ग्राम पंचायत गर्रा सरपंच लक्षनी शोरी एवं रेखा बाई यादव उपसरपंच, सरपंच प्रतिनिधि ओमप्रकाश शोरी, संकुल प्राचार्य बीआर जंघेल, सीएसी रामभरोसा मेरावी, समन्वयक ठाकुरटोला व राजू दास मानिकपुरी संकुल समन्वयक भदेरा द्वारा किया गया। तत्पश्चात बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। नव प्रवेशी बच्चों का गुलाल लगाकर, गुलदस्ता भेंटकर, मूंह मीठा कराया गया। साथ ही पुस्तक व गणवेश वितरण किया गया। शाला के सभी बच्चों को न्यौता भोज कराया गया। संकुल प्राचार्य द्वारा सारगर्भित उद्बोधन दिया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित सीएसी व शिक्षकों ने भी शासन के विभिन्न योजनाओं के बारे सविस्तार बताएं। कार्यक्रम में शिक्षक दिनदयाल सोरी, चिंताराम धुर्वे, मोहित धुर्वे शिक्षक प्रधानपाठक संजीव कुमार धुर्वे, एसएमसी अध्यक्ष सुखनंदन यादव, संतोष कुमार वर्मा उपाध्यक्ष, भुनेश्वरी वर्मा, खोमलाल यादव, प्रेमलाल यादव, दिनेश कुमार विश्वकर्मा, सरोजनी बाई वर्मा, प्यारेलाल वर्मा पंच, नारायण कृपा स्वसहायता समूह की अध्यक्ष शांति बाई विश्वकर्मा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सीमा मानिकपुरी, मुकेश कुमार साहू, राज बाई विश्वकर्मा, यशोदा बाई एवं भारी संख्या में पालकगण उपस्थित थे।

# ग्राम बोरतलाब में नि:शुल्क 5 दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ



डोंगरगढ़(दावा)। आयुष मंत्रालय भारत सरकार, एवं संचनालय आयुष रायपुर के निर्देशन में तथा जिला आयुष अधिकारी डॉ शिल्पा मिश्रा के उचित मार्गदर्शन में आयुष्मान आरोग्य मंदिर बोरतलाब, विकास खंड डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव में निःशुल्क 5 दिवसीय योग शिविर का आयोजन दिनांक 17 से 21 तक पंचायत हॉल में किया जा रहा है।

शिविर का शुभारंभ भगवान धन्वंतरि की पूजा अर्चना ग्राम के सरपंच कैलाश ऊके द्वारा किया गया। इस मौके पर उपसरपंच, मिडिल स्कूल से मानकर सर, हाईस्कूल से इक्का सर, योग शिक्षक चमन चंद्रवंशी एवं औषधालय स्टाफ उपस्थित थे। शासन के निःशुल्क शिविर का लाभ लेने की अपील ग्राम के चिकित्सक डॉ सुरेंद्र राहंगडाले (चिकित्सा अधिकारी आयुष) द्वारा जनता से की गई। शरीर को जीवित रखने के लिए हमारा हृदय एक लय में गति करते हुए कार्य करता है, उसी प्रकार उस हृदय स्वरूप प्राण को जीवित ओर स्वस्थ रखने हेतु योग की आवश्यकता होती है, इसी उद्देश्य को पूर्ण एवं सार्थक करने हेतु इस साल आयुष मंत्रालय द्वारा 'योग संगम एवं हरित योग' की थीम रखी गई है, प्रकृति को हराभरा रखे ओर अपने जीवन को सुखकारक बनाए।

# यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



राजनांदगांव (दावा)। जीवन आधार पब्लिक चैरिटी राजनांदगाँव के द्वारा दिनांक 19 जून को मोतीपुर सामुदायिक भवन में यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें चैरिटी के मुख्य मार्गदर्शक ओमप्रकाश सहारे ने प्रकाश डालते हुए कहा लोग यातायात नियमों का पालन नहीं करते कुछ लोग मोबाइल पर बात करते वाहन चलाते है तो कुछ लोग नशा में वाहन चलाते है। इस कारण आयें दिन दुर्घटना होती है और लोग जान गवां देते है अतः हमेशा सावधानी बरतनी चाहिए कभी भी वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात न करे, नशा में वाहन न चलाएं, यातायात नियमों का पालन करें जिससे दुर्घटना नहीं होगा। उपस्थिति लोगों ने इस दिशा में सावधानियाँ बरतने का संकल्प लिया।

# कार्यपालक निदेशक शिरीष सेलट ने बीजेभांटा उपकेन्द्र में नए 3.15 एमव्हीए का अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर को किया ऊर्जीकृत

डोंगरगांव (दावा)। मुख्यमंत्री विद्युत अधोसंरचना विकास योजना के अंतर्गत राजनांदगांव जिले के ग्रामीण अंचलों के उपभोक्ताओं एवं कृषकों को बेहतर वोल्टेज पर सतत एवं गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति के मद्देनजर बिजली उपकेंद्रों में अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मरों को स्थापित कर क्षमता वृद्धि का कार्य बतौर प्राथमिकता से किया जा रहा है। इसी दिशा में डोंगरगांव उपसंभाग के ग्राम बीजेभांटा में विद्यमान उपकेन्द्र में 3.15 एम.व्ही.ए. के नए अतिरिक्त ट्रांसफार्मर स्थापित कर राजनांदगांव क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक शिरीष सेलट ने ऊर्जीकृत किया। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता राजनांदगांव वृत्त एस. कंवर, कार्यपालन अभियंता, बीके उइके, एडी टण्डन, सहायक अभियंता आरपी ठाकुर, एसपी ठाकुर, यशवंत तुमरेकी, कनिष्ठ



इसके क्रियाशील हो जाने से 13 ग्रामों के 4730 उपभोक्ताओं को मिलेगी उच्च गुणवत्ता की भरपूर विद्युत आपूर्ति

अभियंता ताम्रध्वज पिस्दा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित हुए।

डोंगरगांव संभाग के कार्यपालन अभियंता बीरबल कुमार उइके ने बताया कि मुख्यमंत्री विद्युत अधोसंरचना विकास योजना के तहत बीजेभांटा उपकेन्द्र में 68 लाख 27 हजार रूपये की लागत से स्थापित अतिरिक्त 3.15 एम.व्ही.ए. का पॉवर ट्रांसफार्मर के ऊर्जीकरण से 13 ग्रामों के 4120 उपभोक्ता एवं 610 किसानों को फायदा होगा। अब बीजेभांटा उपकेन्द्र की क्षमता 3.15 एम.व्ही.ए. से बढ़कर 6.30 ए.व्ही.ए. हो गया है। विद्युत कंपनी के उच्चाधिकारियों के अथक प्रयासों से विद्युत विकास के लिए स्वीकृत इस कार्य से बीजेभांटा उपकेन्द्र के परिधि में आने वाले अनेक गांवों के किसानों तथा उपभोक्ताओं को उच्चगुणवत्ता की विद्युत सेवा लाभ मिलेगा।

# लोकतंत्र सेनानी 26 जून को सम्मानित होंगे मुख्यमंत्री आवास पर - सच्चिदानंद उपासने

डोंगरगढ़ (दावा)। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आपातकाल में पीड़ित प्रदेश के ऐसे समस्त लोकतंत्र सेनानी/सत्याग्रहियों को 26 जून को अपने आवास पर आमंत्रित कर सम्मानित करने की घोषणा की है। इस अवसर पर 'आपातकाल का काला इतिहास' एवं 'संविधान हत्या दिवस' पर प्रबुद्ध वक्ताओं के भाषण होंगे व काले अध्याय पर पुस्तिका का विमोचन भी होगा।

इसके अलावा निबंध प्रतियोगिता भी होगी। लोकतंत्र प्रहरी, सहयोगी संगठन लोकतंत्र सेनानी संघ के अध्यक्ष विशाल राजहंस व प्रहरी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सच्चिदानंद उपासने की पहल पर प्रदेश के महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं हेतु 'संविधान हत्या दिवस कितना प्रासंगिक' एवं विद्यालयीन छात्र-छात्राओं हेतु 'आपातकाल कमी विस्मृत न हो' निबंध प्रतियोगिता आयोजित कर विजेताओं को दोनों स्तरों पर 31, 21 व 11 हजार रूपयों के नगद पुरस्कार एवं सारगर्मित निबंधों को प्रोत्साहन पुरस्कार तथा महाविद्यालय व विद्यालयों को प्रमाण पत्र दिये जायेंगे। महाविद्यालय, विद्यालय व छात्र-छात्रायें मोबाईल नंबर 9425202652 व 9425252092 पर निबंध के बारे में जानकारी ले सकते हैं।

**लोकतंत्र प्रहरी ने महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं हेतु प्रदेश स्तर पर निबंध प्रतियोगिता की आयोजित- विशाल राजहंस**

# छत्तीसगढ़ आयुष कर्मचारी विकास संघ के भगतराम धृतलहरे बने निर्विरोध अध्यक्ष

डोंगरगढ़(दावा)। नीचे बम्लेश्वरी मंदिर के पास श्याम रिसॉर्ट डोंगरगढ़ में 15 जून को आयुष विकास कर्मचारी संघ के प्रांत अध्यक्ष के निर्वाचन की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। निर्वाचन की प्रक्रिया के लिए राज्य निर्वाचन प्रभारी योगेश चौरे एवं भीष्म ठाकुर की पर्यवेक्षता में निर्वाचन संपन्न कराया गया। संघ से संबंध प्रदेश के सभी जिलों तथा राज्य के पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। निर्वाचन शुरू होने के पूर्व निर्वाचन प्रभारी ने निर्वाचन करने की सहमति के लिए आम सभा की बैठक बुलाई थी। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि संघ का प्रांत स्तरीय चुनाव संपन्न कराया जाएगा।

चुनाव की प्रक्रिया में सर्वप्रथम स्थाई सदस्य को प्राथमिकता दी गई। स्थाई सदस्यों से जो प्रांत अध्यक्ष का निर्वाचन लड़ना चाहते हैं उन्हें नामांकन मंगवाया गया। नामांकन के समय चार नामांकन आए चारों



नामांकनों की स्क्रूटनी की गई। स्क्रूटनी में सभी चारों नामांकन वैध पाए गए। उसके पश्चात निर्वाचन की प्रक्रिया के तहत नाम वापसी की प्रक्रिया शुरू की गई। नाम वापसी की प्रक्रिया में तीन उम्मीदवारों ने अपना नाम वापस ले लिया। चौथे उम्मीदवार एकमात्र चुनाव मैदान में बचे रहे। जिसके कारण चुनाव अधिकारी ने भगत राम धृतलहरे फार्मासिस्ट आयुर्वेद औषधालय तुमगांव जिला महासमुंद को आयुष कर्मचारी विकास संघ पंजीयन क्रमांक 3516 का निर्विरोध अध्यक्ष घोषित किया। निर्वाचन की प्रक्रिया पूर्ण होने पर राज्य निर्वाचन प्रभारी योगेश चौरे तथा भीष्म ठाकुर ने निर्वाचित अध्यक्ष को प्रमाण पत्र जारी किया है इसके पूर्व संघ के प्रांत अध्यक्ष पोषण वर्मा आयुर्वेद हॉस्पिटल डोंगरगढ़ रहे हैं अभी संघ निर्वाचित प्रांत अध्यक्ष संघ संविधान के अनुरूप अपनी कार्यकारिणी गठित कर ली तथा वे संघ संविधान के अनुरूपी आगे संघ के सदस्यों के हितों को शासन के समक्ष रखें इन्हीं शुभकामनाओं के साथ चुनाव संपन्न हुआ है।

# नवोदय विद्यालय में मेट्रन की संविदा भर्ती, 30 जून को होगा साक्षात्कार

डोंगरगढ़ (दावा)। पीएमश्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ में सत्र 2025-26 के लिए संविदा मेट्रन की भर्ती की जाएगी। इस पद के लिए सीधा साक्षात्कार (वॉक-इन इंटरव्यू) 30 जून 2025 को प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक विद्यालय परिसर में आयोजित होगा।

भर्ती प्रक्रिया केवल महिला अभ्यर्थियों के लिए है। इच्छुक महिलाएं निर्धारित तिथि पर अपने सभी मूल दस्तावेज, शैक्षणिक प्रमाण पत्र, अनुभव प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साइज फोटो आदि के साथ साक्षात्कार में भाग ले सकती हैं। अभ्यर्थी की आयु 35 से 55 वर्ष के बीच होनी चाहिए। विधवा, तलाकशुदा एवं पारिवारिक जिम्मेदारियों से मुक्त महिला को प्राथमिकता दी जाएगी। न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं पास अनिवार्य है, हालांकि उच्च शिक्षा प्राप्त अभ्यर्थियों को वरीयता दी जाएगी। चयनित मेट्रन को शासन द्वारा निर्धारित अकुशल श्रेणी के अंतर्गत वेतनमान दिया जाएगा। साथ ही उन्हें भोजन, मेडिकल सुविधा और छात्राओं के साथ आवास की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। विद्यालय प्रबंधन ने योग्य महिला अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे तय तिथि को उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ उठाएं।

# विश्व सिकलसेल दिवस : सिकल सेल बीमारी के प्रति लोगों को किया गया जागरूक

**राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के मार्गदर्शन में विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरत्न के निर्देशानुसार प्रत्येक व्यक्ति का निःशुल्क सिकल सेल स्क्रीनिंग किया गया। नागरिकों को सही समय पर ईलाज एवं दवाईयां उपलब्ध कराई गई और इसके साथ सिकल सेल जेनेटिक कार्ड का वितरण किया गया।**



कार्यक्रम में दवाईयां एवं सिकल सेल जेनेटिक कार्ड का किया गया वितरण
विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि सिकल सेल एक आनुवांशिक रोग है। जिसकी सही समय पर जांच कराने और नियमित दवाईयां लेने से नियंत्रित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि विवाह कराने के पहले सिकल सेल कुंडली का जरूर मिलान करना चाहिए। कुंडली मिलान उपरांत पॉजिटीव आये लोगों को विवाह किए जाने संबंधी पूर्ण जानकारी देने कहा। इसके लिए लोगों को जागरूक होना आवश्यक है। जिले में 6 लाख 16 हजार 308 सिकल सेल स्क्रीनिंग किया गया। जिसमें 5 लाख 93 हजार 144 सिकल सेल निगेटीव, 661 सिकल सेल पॉजिटीव एवं 10 हजार 147 सिकल सेल वाहक है।

सिविल सर्जन डॉ. श्रीमती माधुरी खूंटे ने कहा कि जिला अस्पताल में न्यूमोकोकल वैक्सिन उपलब्ध है। जिसे सिकल सेल एवं थैलिसिमिया पीड़ित 4 वर्ष से 14 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को लगाया जाना है। जिला कार्यक्रम प्रबंधक संदीप ताम्रकार ने मैदानी स्तर पर मितानिनों के माध्यम से जन जागरूकता फैलाने की बात कही। कार्यक्रम में जिला नोडल अधिकारी सिकल सेल डॉ. सुहद्रा ठाकुर, शहरी कार्यक्रम प्रबंधक, जिला माईक्रोबॉयोलॉजिस्ट एवं स्वास्थ्य विभाग के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी तथा शहरी क्षेत्र के एएनएम, मितानिन व सिकल सेल हितग्राही उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने किया गातापार नाका और भोथली स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण

**खैरागढ़ (दावा)। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने आज छुईखदान विकासखंड के ग्राम गातापार नाका स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और भोथली के उपस्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने गातापार नाका के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में इंजेक्शन कक्ष, महिला-पुरुष वार्ड, प्रसव कक्ष और नवजात शिशु कक्ष सहित विभिन्न कक्षों का अवलोकन किया। उन्होंने वहां मौजूद स्टाफ की उपस्थिति पंजी का परीक्षण कर उनकी नियमितता और कार्यप्रणाली की जानकारी ली।**

कलेक्टर ने केंद्र में पदस्थ आरएमए डॉ.आकांक्षा सिंह से चर्चा कर आयुष्मान कार्ड निर्माण की स्थिति, ओपीडी और आईपीडी के जरिये केंद्र को प्राप्त होने वाली आय, दवाओं की उपलब्धता और अन्य जरूरी व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की। इस



स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता पर दिया जोर, मातृत्व सेवाओं को बेहतर बनाने निर्देशित

दौरान उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि ग्राम स्तर पर कार्यरत स्वास्थ्य अमला और मितानिनें हर घर का नियमित भ्रमण करें तथा गर्भवती महिलाओं की शीघ्र पहचान सुनिश्चित करें। गर्भावस्था की पुष्टि होते ही प्रथम तिमाही में उनका पंजीयन अनिवार्य रूप से किया जाए और सभी प्रसव पूर्व जांच तय समय में पूर्ण कर उन्हें आरसीएच पोर्टल पर दर्ज किया जाए।

उन्होंने यह भी कहा कि उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की कम से कम आठ बार जांच सुनिश्चित की जाए और प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत विशेषज्ञ डॉक्टरों से परामर्श कराया जाए। साथ ही 'सुमन' योजना के तहत सभी गर्भवती महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण और सुरक्षित मातृत्व सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने प्रसव के पश्चात माताओं की सात बार देखभाल की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

निरीक्षण के पश्चात कलेक्टर श्री चन्द्रवाल ने ग्राम भोथली स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया, जहां उन्होंने केंद्र की खुलने का समय, कार्यरत कर्मचारियों की उपस्थिति तथा उपलब्ध संसाधनों की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मलेरिया से बचाव के लिए जनसहभागिता आवश्यक है और इसके लिए समुदाय को जागरूक किया जाए। साथ ही 100 प्रतिशत गर्भवती महिलाओं का पंजीयन सुनिश्चित किया जाए और 30 वर्ष से कम उम्र के सभी नागरिकों की सिकल सेल एनीमिया की स्क्रीनिंग भी पूरी की जाए।

इस दौरान कलेक्टर ने ग्राम डूटागड़ से आई गर्भवती महिला से चर्चा कर उप स्वास्थ्य केंद्र में मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने सभी उपस्थित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की कमी न रहे और प्रत्येक स्तर पर जवाबदेही तय की जाए। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेम कुमार पटेल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आशीष शर्मा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# शिक्षा स्तर में सुधार और व्यक्तित्व विकास की कड़ी में गांवों में बच्चे अपने घरों में बना रहे पढ़ाई का कोना

राजनांदगांव (दावा)। जिले के ग्रामीण बच्चे पढ़ाई के प्रति अपनी रूचि और जागरूकता का उदाहरण पेश करते हुए घर में पढ़ाई का कोना तैयार कर रहे हैं। यह प्रेरणादायक पहल यूनिसेफ, जिला प्रशासन राजनांदगांव और एलायंस फॉर बिहेवियर चेंज मेंबर्स सर्वहितम के टीम युवोदय राजनांदगांव, जिला समन्वयक विनोद कुमार टेम्बुकर की टीम द्वारा आयोजित किए जा रहे कार्यशाला में भाग लेने के बाद शुरू किया जा रहा है।



कार्यशाला में रूप नहीं गुण को देखो, आज क्या सीखा और पढ़ाई का कोना जैसे विषयों पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। बच्चों के शिक्षा स्तर में सुधार एवं व्यक्तित्व विकास की कड़ी को मजबूत करने के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। बच्चे समझकर एवं कार्यशाला से सीखकर एक विशेष पढ़ाई का स्थान तैयार कर रहे है। वहां बच्चों द्वारा किताबें व्यवस्थित रखा जा रहा है पढ़ाई का रूटीन दीवार पर चिपकाकर उसी अनुसार उसी जगह पर पढ़ाई कर रहे है। प्रत्येक गांव से युवाओं की टीम बनाई जा रही है, जिससे युवा अपने गांव के अन्य बच्चों एवं ग्रामीणजनों को जागरूक कर सकें। इस कड़ी में ग्राम पार्रीकला से हिना, सोनाली, ग्राम ठाकुरटोला से राधिका, हर्षिता, साक्षी, ग्राम पत्थरी से देविका और तनु, ग्राम डोम्हटोला से वर्षा, तनु, कुंदन जैसे सभी गांव में बच्चों एवं युवाओं द्वारा पढ़ाई का कोना बनाकर गांव में बच्चों एवं युवाओं को प्रेरित किया जा रहा है। शिक्षा स्तर में बदलाव, सुधार और व्यक्तित्व विकास किया जा सके। इस कड़ी में यूनिसेफ जिला समन्वयक विनोद टेम्बुकर, दिव्या राजपूत, विकासखंड समन्वयक चंद्रप्रकाश साहू, युवोदय सक्रिय स्वयंसेवक तोरण, साहिल, भावेश एवं अन्य स्वयंसेवियों द्वारा सक्रिय योगदान दिया जा रहा है।

# पुलिस ने मोहड़ अवैध रेत उत्खनन व गोलीबारी के मामले में फरार 3 आरोपियों को धर दबोचा

## मध्यप्रदेश के ग्वालियर भोपाल से पकड़े गए आरोपी, रिमांड में भेजा गया जेल

राजनांदगांव (दावा)। शहर में इन दिनों मोहड़ वार्ड के रेत उत्खनन व इस दौरान हुए गोली चालन का मामला गरमाया हुआ है। पुलिस भी उक्त घटना से संबंधित आरोपियों को एक-एक कर पकड़ने और रिमांड में भेजने में जुटी हुई है। अभी तक मोहड़ वार्ड पार्षद, जेसीबी चालक, जेसीबी व हाइवा देने वाला व मास्टर माइंड कहा जाने वाले आरोपी गिरफ्तार किये जा चुके है। पुलिस ने शुक्रवार को इस घटना से संबंधित फरार चल रहे तीन और आरोपियों को एमपी के ग्वालियर, भोपाल आदि जगहों से धर दबोच लाया है। बताया जाता है कि मोहड़ में हुई उक्त गोली काण्ड की घटना में विडियो में नजर आ रहे वहीं तीनों लोग थे जिन्हें पुलिस द्वारा एमपी से धर दबोचा गया है।

पुलिस के जनसंवाद कक्ष में ली गई प्रेस वार्ता में पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने बताया कि रेत उत्खनन के मामले में मोहड़ ग्रामवासियों को दबाने के लिए बाहर से इन लोगों को बुलाया गया था। घटना के दौरान 2 वेपन का उपयोग किया गया था जिसमें से एक देशी कट्टा व जिंदा कारतूस पुलिस के हाथ लगी है। गोली चालन की घटना के बाद दो अलग-अलग रुटो से निकल कर आरोपी फरार हो गए थे। पुलिस द्वारा इनकी सरगर्मी से पता तलाशी की जा रही थी। अंततः इन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।



### नदी से रेत निकालने रैंप का निर्माण

बसंतपुर थाना क्षेत्र के वार्ड मोहड़ में घटी इस घटना के संबंध में प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 11 जून की रात्रि 7 से 7:30 बजे के बीच ग्राम मोहड नदी में अवैध तरीके से रेत निकालने के लिए रैम्प निर्माण के लिए जेसीबी चालक पहुंचा था। जिसे रोकने के लिए कुछ ग्रामीण घटना स्थल पर पहुंचे जहां कार में सवार 7-8 लोग उतर कर ग्रामीणों से मारपीट करते हुए देशी कट्टा से फायरिंग किये है। इस रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर मे अपराध क्रमांक 257/2025 धारा 109(2), 191(2), 191(3), 190, 296, 115(2), 351(2) बीएनएस 25, 27 आर्मस एक्ट एवं मायनिंग एक्ट की धारा 21 कायम कर विवेचना में लिया गया है।

### गठित टीम द्वारा अलग-अलग जगह दी जा रही थी दबिश

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन तथा सीएसपी पुष्पेन्द्र नायक के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बसंतपुर निरीक्षक एमन साहू, सायबर सेल प्रभारी निरीक्षक विनय पम्मार, प्रभारी थाना डोंगरगांव अवनीश श्रीवास, थाना प्रभारी घुमका बसंत बघेल एवं ओ.पी. चिखली प्रभारी उमेश बघेल की संयुक्त पांच लोगों की टीम गठित कर आरोपी पतासाजी एवं उनकी शीघ्र गिरफ्तारी हेतु अलग-अलग जगह इनके विभिन्न ठिकाने नागपुर, भोपाल, इंदौर, ग्वालियर आदि जगहों में दबिश दे रही थी। विवेचना के दौरान पूर्व में संबंधित आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया था। विवेचना के दौरान प्रकरण के अन्य फरार आरोपी की पतासाजी हेतु गठित टीम द्वारा प्रकरण के घटना में संलिप्त आरोपी जितेन्द्र नारौलिया पिता जवाहर शर्मा उम्र 30 साल निवासी सिंगपुर रोड, देसाई नगर मुरार ग्वालियर, अमन सिंह परिहार पिता सुनील सिंह परिहार उम्र 27 साल निवासी विजय नगर कॉलोनी, आमखो लश्कर, ग्वालियर व अभय सिंह तोमर पिता अमोल सिंह तोमर उम्र 20 साल निवासी ग्राम घनैता थाना इंडोरी तहसील गोहद जिला भिण्ड म.प्र. हाल पता गायत्री विहार कॉलोनी, पिन्टो पार्क मुरार ग्वालियर को भोपाल से हिरासत में लेकर राजनांदगांव लाया गया।

### आरोपियों ने जुर्म स्वीकार किया

आरोपी से सख्ती से पूछताछ करने पर जुर्म कारित करना स्वीकार किया जिसे विधिवत गिरफ्तार किया गया। प्रेस वार्ता में बताया गया कि आरोपी अभय सिंह तोमर के कब्जे से 1 नग देशी कट्टा एवं 1 नग जिन्दा कारतूस जप्त किया गया तथा गिरफ्तार आरोपी अभिनव तिवारी का ट्रांजिट रिमाण्ड लेकर अपराध में प्रयुक्त वाहन एम.जी.हैटर क्रमांक सीजी-08/एआर 7157 को जप्त कर थाना लाया गया।

# योग दिवस पर जागरूकता का संदेश, स्वस्थ जीवन के लिए परिवार के हर सदस्य को करना चाहिए योग- विक्रांत सिंह

### योग दिवस पर भाजपा का प्रबुद्धजन सम्मेलन ऑडिटोरियम में होगा - कोमल सिंह राजपूत



राजनांदगांव (दावा)। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला भाजपा द्वारा आज प्रेस क्लब में आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए केसीजी के जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि जैसा कि आप सभी जानते हैं कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस अब हर वर्ष विश्व भर में मनाया जाता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से संयुक्त राष्ट्र संघ ने इस दिवस की मान्यता दी और इस दिन दुनिया के सभी देशों में कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं। भारत के लिए यह बड़े ही गौरव की बात है। यह 2015 से हर साल 21 जून को मनाया जाता है। क्योंकि उत्तरी गोलार्द्ध में सबसे लंबा दिन इस दिन होता है और आध्यात्मिक सिद्धियों के लिए यह उपयुक्त समय होने के कारण इस दिन का चयन मोदीजी ने किया। सन 2014 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में इस प्रस्ताव को 177 देशों का समर्थन मिला था।

हर वर्ष अलग-अलग थीम पर यह दिवस मनाया जाता है। सन 2025 की थीम 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग (योगा फार वन अर्थ, वन हेल्थ) है। राष्ट्रीय और स्थानीय स्तर पर योग सत्र, शिविर और कार्यशालाओं का आयोजन होगा। पूर्व की तरह ही स्कूलों, कॉलेजों और कार्यस्थलों में योग कार्यक्रम जिसमें सामूहिक योगाभ्यास और जागरूकता सत्र होंगे। इस प्रेस के माध्यम से हम जनता से निवेदन करते हैं कि सभी इस आयोजन से जुड़ें। योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं। जहां कल शासन द्वारा भी यह दिवस मनाया जाएगा।

श्री सिंह ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर देशभर में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से योग की महत्ता को रेखांकित किया गया है। इस विशेष दिन पर नागरिकों से यह अपील की गई है कि वे अपने जीवन में नियमित रूप से योग को शामिल करें और पूरे परिवार को स्वस्थ रखने के लिए एक सामूहिक प्रयास करें।

श्री सिंह ने कहा की योग केवल एक शारीरिक क्रिया नहीं, बल्कि मानसिक और आत्मिक संतुलन का माध्यम भी है। विशेषज्ञों का कहना है कि भागदौड़ भरी जीवनशैली, मानसिक तनाव, अनियमित खानपान और डिजिटल जीवनशैली से होने वाली परेशानियों से छुटकारा पाने के लिए योग सबसे प्रभावी उपाय है। आज के समय में जब बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक कई तरह की शारीरिक और मानसिक समस्याओं से जूझ रहे हैं, ऐसे में योग एक सरल और सुलभ समाधान है। श्री सिंह ने कहा की परिवार के सभी सदस्यों को मिलकर सुबह जल्दी उठकर योग करना चाहिए। यह न केवल शरीर को चुस्त-दुरुस्त बनाता है, बल्कि मानसिक शांति भी प्रदान करता है। बच्चों में एकाग्रता, धैर्य और आत्मनियंत्रण बढ़ाने के लिए योग बहुत ही उपयोगी है। श्री सिंह ने बताया की वृद्धजनों के लिए योग जोड़ों के दर्द, मधुमेह, उच्च रक्तचाप जैसी बीमारियों को नियंत्रित करने में मदद करता है, वहीं युवाओं के लिए यह फिटनेस और आत्मविश्वास बढ़ाने का जरिया है। महिलाओं के लिए योग हार्मोन संतुलन और मानसिक स्थिरता लाने में सहायक है। श्री सिंह ने कहा की योग दिवस पर आयोजित शिविरों, विद्यालयों, सामुदायिक केंद्रों और ऑनलाइन सत्रों के माध्यम से लोगों को यह प्रेरणा दी गई कि योग कोई एक दिन का आयोजन नहीं, बल्कि इसे रोज़मर्रा की आदत बनाना चाहिए। यदि प्रत्येक परिवार योग को अपनाता है तो न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य सुधरेगा, बल्कि एक स्वस्थ और सशक्त समाज की नींव भी मजबूत होगी। अतः आज के दौर में यह आवश्यक हो गया है कि हम सब मिलकर इस प्राचीन भारतीय परंपरा को जीवन का हिस्सा बनाएं और 'योगा फॉर वेलनेस' को अपनी दिनचर्या में स्थान दें।

### डॉ. रमन सिंह सम्मेलन में शामिल होंगे - कोमल सिंह राजपूत


भाजपा के जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने प्रेसवार्ता के माध्यम से बताया कि आज 21 जून को पदम श्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम में भाजपा द्वारा केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण की विभिन्न योजनाओं पर प्रबुद्ध जनों से चर्चा की जाएगी। जिसमें प्रमुख वक्ता के रूप में पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह एवं सांसद संतोष पांडे तथा महापौर मधुसूदन यादव विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। पत्रकारवार्ता में प्रमुख रूप से जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, मंडल अध्यक्ष सुमित भाटिया, गोलू गुप्ता, युवा मोर्चा के अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह, प्रखर श्रीवास्तव एवं जिला मीडिया प्रभारी अमर लालवानी उपस्थित थे।



राजनांदगांव (दावा)। पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन संवर्धन परिषद के राज्य उपाध्यक्ष नियुक्त होने के पश्चात नीलेश श्रीवास्तव ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से खास मुलाकात कर राज्य में परिषद के आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी तथा उनसे मार्गदर्शन व आशिर्वाद प्राप्त किया। विधानसभा अध्यक्ष ने उन्हें हरसंभव सहयोग का आश्वाशन दिया।

# आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस : जिला स्तरीय कार्यक्रम दिग्विजय स्टेडियम में

राजनांदगांव (दावा)। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून सुबह 6.30 बजे दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में सामूहिक योगाभ्यास किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक दुर्ग शहर गजेन्द्र यादव उपस्थित रहेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक डोंगरगांव दलेश्वर साहू, विधायक खुज्जी भोलाराम साहू, विधायक डोंगरगढ़ श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल, महापौर मधुसूदन यादव, अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ पर्यटन मण्डल नीलू शर्मा, अध्यक्ष श्रम कल्याण बोर्ड योगेश दत्त मिश्रा, अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित सचिन बघेल उपस्थित रहेंगे। जिला प्रशासन द्वारा कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में नागरिकों से उपस्थित होने का आग्रह किया गया है।



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com